53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13.0°c
अधिकतम 27.0 °c

**अमृतवाणी**
कर्मों से पहचान होती है इंसानों की ... महंगे कपड़े तो पुतले भी पहनते हैं दुकानों में।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
राहुल गांधी जितना मर्जी सरकार को कोस लें, उनकी सरकार सत्ता में वापस नहीं आने वाली : अनिल विज



सूर्योदय - 6:38, सूर्यास्त - 6:22 | वर्ष : 53/ अंक : 65 | शुक्रवार, 07 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4
कुछ लोगों का, कुछ लोगों को कोसे बिना वक़्त नहीं कटता.......

# शादी में पटाखे छुड़ाने पर विशेष सम्प्रदाय के लोगों ने की आधा दर्जन बारातियों की पिटाई

**14 नामजद व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**







**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरा खुर्द में उस समय साम्प्रदायिक बवाल होने से बच गया जब चरथावल के नंगली राई के रहने वाले मुकेश कश्यप के पुत्र विकास की बारात तितावी थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरा खुर्द में जा रही थी, तभी घुड़चढ़ी के दौरान बारातियों ने नाचते हुए पटाखे फोड़ दिये, जिसमें से एक पटाखा गांव के ही सरताज की लकड़ियों के ढेर पर जा गिरा, जिससे वहां आग लग गयी। खुद बारातियों व क्षेत्र के लोगों द्वारा इस आग पर हाथोंहाथ काबू पा लिया गया, बावजूद इसके सरताज व उसके पुत्रों तथा उसके पक्ष के लोगों ने बारातियों से जमकर कहासुनी करते हुए उनसे मारपीट कर दी। मारपीट के बाद दोनों ओर से गुत्थम गुत्था हुई और सरताज पक्ष के लोगों ने बारात में आए छह से अधिक लोगों को घायल कर दिया। घटना की सूचना जैसे ही आला अधिकारियों तक पहुंची तो साम्प्रदायिक तनाव के चलते भारी पुलिसबल मौके पर पहुंचा। स्वयं एसपी देहात आदित्य बंसल ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू कराई। उनके साथ तितावी व भौराकलां थाने की पुलिस के साथ सीओ फुगाना सन्त प्रसाद उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे जहां घायलों को तुरन्त उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में आए घायल अमित, जगमोहन, जयबीर, प्रताप, रॉकी व दीपक का उपचार किया गया, जहां उन्होंने मीडिया के सामने पूरी बात बताई। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति है। बारातियों से मारपीट करने के मामले में खुद सरताज समेत 14 नामजद व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी।

# घर में पत्थर लगाने आया था समीर, करने लगा पड़ोस की किशोरी से छेड़छाड़



**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** आजकल घरों में कारीगरों को भी सोच समझकर घुसाना चाहिए। वैसे तो इनकी आईडी व आधार व पूछताछ के बाद ही इन्हें घर में प्रवेश दिया जाये तो बेहतर है, क्योंकि कुछ कारीगर कब अमानत में खयानत कर दें, इसका कोई भरोसा ही नहीं। ऐसा ही एक मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के रुड़की रोड पर घटित हुआ, जब खालापार का रहने वाला समीर पत्थर लगाने के नाम पर एक घर में पिछले सात-आठ दिनों से पत्थर लगा रहा था। काम करते करते उसकी नीयत खराब हो गयी और वह पड़ौस की एक किशोरी जो लगभग 14 साल की है, उस पर फब्तियां कसने लगा।

तीन दिन तक लगातार किशोरी ने यह सब बात बर्दाश्त की, इसके बाद चौथे दिन जब बात हद से गुजरने लगी तो किशोरी ने अपने भाई को इस बात की जानकारी दी। हद तो तब पार हो गयी, जब उसने किशोरी को जबरदस्ती बात करने के लिए विवश करते हुए उससे छेड़छाड़ की और जोर जबरदस्ती करने पर किशोरी के कपड़े फाड़ते हुए उस पर तेजाब डालने की धमकी दे डाली। किशोरी के भाई ने इसकी सूचना हिन्दू संगठनों को दी। इसके बाद हिन्दू संगठनों ने खालापार के रहने वाले कारीगर समीर को दबोच लिया, जिसके बाद मौहल्ले में हंगामा खड़ा हो गया। हंगामे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हिन्दू संगठनों ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की। इसी बीच हिन्दू संगठनों की पुलिस से नोक झोंक भी हुई। पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देकर मामले को शान्त कराया। उक्त मामले में किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हाथोंहाथ गिरफ्तार कर लिया उधर हिन्दू संगठनों ने पुलिस को चेतावनी दी कि अगर असामाजिक तत्व इसी तरह से हमारे घरों में घुसकर हमारी बहन-बेटियों पर नजर रखते हुए उनसे छेड़छाड़ करेंगे तो एक दिन इसके परिणाम भयावह होंगे, और इसके लिए असामाजिक तत्व ही जिम्मेदार होंगे। मौके पर क्रान्ति सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी, संजीव वर्मा, राजन वर्मा, ललित रुहेला, शरद कपूर, शैलेन्द्र आदि मौजूद रहे।



# पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी की रस्में सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। बवाल होने के बाद क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण होने से पुलिस ने अपनी मौजूदगी में ही शादी की रस्में पूरी कराने के बाद बारात को विदा कराया। बवाल होने के बाद जब बारात में शामिल आधार दर्जन से अधिक लोग गंभीर घायल हो गए तो एक बार के लिए यह लगने लगा कि शायद यह विवाह ही न रोकना पड़ जाए, मगर आनन फानन में शादी की रस्म पुलिस ने खुद अपनी मौजूदगी में कराकर विवाह सम्पन्न कराने में सफलता हासिल की।**

# जेवरात देखने के बहाने सर्राफ का लाखों का सोना ले गए दो युवक

**मीरापुर, 06 मार्च (बु.)।** मीरापुर कस्बे में सर्राफ की दुकान पर जेवरात देखने के बहाने आये दो युवकों ने सर्राफ को बातों में उलझाकर सोने के लॉकेट से भरी थैली चोरी कर ली और फरार हो गए। युवकों के फरार होने के बाद सर्राफ को चोरी की जानकारी लगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से चोरों की तलाश में जुट गई। कस्बें के सर्राफा बाजार निवासी दर्शनलाल वर्मा की सर्राफा बाजार में लाल जी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। गुरुवार को दो युवक उनकी दुकान पर पहुँचे और गर्लफ्रैंड को गिफ्ट करने के लिए कोई सोने की चीज दिखाने की बात कही, जिस पर सर्राफ दर्शनलाल ने युवकों को सामान दिखाना शुरू किया, तो युवकों ने सबसे पहले सोने के लॉकेट दिखाए, तो युवकों ने उन्हें पसंद नहीं आने की बात कहते हुए अंगूठी दिखाने को कहा। इस तरह युवकों ने कई सोने के जेवरात देखे और सर्राफ को अपनी बातों में उलझा लिया और मौका देखकर सोने के लॉकेट से भरी थैली साफ कर दी और एक सोने का सामान पसंद कर उसे खरीदने की बात कहते हुए सर्राफ को एक हजार रुपये बयाना देकर कुछ देर में वापस आकर पसंद किया सामान ले जाने की बात कहते हुए वहाँ से चले गए। युवकों के जाने के बाद सर्राफ को लॉकेट से भरी थैली गायब मिली, जिस पर सर्राफ को चोरी का आभास हुआ, तो उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपड़ोस के अन्य सर्राफ व व्यापारी मौके पर आ गए तथा चोरी करने वाले युवकों की तलाश में जुट गए, किन्तु तब तक दोनों युवक फरार हो चुके थे, जिस पर सर्राफ में पुलिस को घटना की जानकारी दी, तो पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर चोरों की तलाश में जुट गई। पीड़ित सर्राफ दर्शनलाल वर्मा ने बताया कि चोरी गए सामान की कीमत करीब एक से सवा लाख रुपये है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

# गुरूवार को अलग-अलग हादसों में खून से सड़के लाल, पांच मरे

**अकेले चरथावल में 24 घंटे के अंदर सड़क दुर्घटना में 3 की मौत**

**चरथावल, 06 मार्च (बु.)।** कभी-कभी कुदरत का कहर कुछेक क्षेत्रों में लगातार इस तरह से बरसता है जैसे उस क्षेत्र में कोई बड़ा अपशगुन हुआ हो। चरथावल थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में हुई तीन मौतें वो भी अलग-अलग घटनाओं में ऐसा ही प्रतीत करा रही है। पहली घटना बुधवार की रात एकाएक चरथावल थानाक्षेत्र के हैबतपुर अड्डे के पास उस समय हुई जब बाइक सवार युवक के आगे नीलगाय आ गयी थी। उक्त युवक की पहचान छिमाऊ निवासी सागर के रूप में हुई थी। दुर्घटना में नील गाय व युवक दोनों ने दम तोड़ दिया था। वहीं दूसरी घटना दो बाइकों की जोरदार भिडन्त के रूप में हुई। उक्त घटना तब हुई जब दो बाइक सवार जिसमें से एक जनपद सहारनपुर के ननौता निवासी 24 वर्षीय सुमित कुमार व ग्राम न्यामू निवासी इसराइल 60 वर्षीय अपनी बाइक द्वारा कहीं रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही ये दोनों मुजफ्फरनगर थानाभवन मार्ग पर नगंलाराई के निकट ग्राम मुथरा तिराहे पर पहुंचे, तभी मोड़ पर मुड़ते समय अचानक दोनों बाइकों की जोरदार भिड़त हो गयी, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने एम्बूलैंस व पुलिस को इसकी सूचना दी, जहां एम्बूलैंस से दोनों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया, वहां से उन्हें गंभीर अवस्था में रैफर कर दिया गया, जिसमें न्यामू निवासी इसराइल की एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर एम्बूलैंस के देरी से आने के कारण अधिक खून बह जाने से घायल की मौत हुई है, जबकि इसी दुर्घटना में घायल सुमित कुमार निवासी ननौता, सहारनपुर का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। वहीं तीसरा हादसा उस समय हुआ जब नंगला राई का रहने वाला ऐलिस अपने पिता दीपक के साथ चरथावल से अपने घर नंगलाराई लौट रहे थे। रास्ते में ईट भटटे के निकट खड़े गन्ने के ओवर लोड ट्रक को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गयी और दूसरे वाहन से टकराकर सड़क पर जा गिरे। सड़क पर गिरे ऐलिस के ऊपर से एक अन्य वाहन उतर गया, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि ऐलिस के पिता दीपक भी गंभीर रूप से इस दुर्घटना में घायल हो गये, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई और बेहतर उपचार के लिए मुजफ्फरनगर रैफर कर दिया गया है। 24 घंटे में हुई तीन घटनाओं में तीन मौत से क्षेत्र के लोगों में शोक व्याप्त है। तीन मौत हो जाने से लोगों में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं व्याप्त है।










# तितावी थाना क्षेत्र में पति, पत्नी व बालिका को कुचला, पति की दर्दनाक मौत







**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** सड़क हादसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। सड़क पर चलते समय अपने को बचाना मुश्किल हो चुका है। एक ओर जहां चरथावल में 24 घंटे में अलग-अलग दुर्घटना में तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है वहीं देर रात एक अज्ञात वाहन ने तितावी थाना क्षेत्र के लालूखेड़ी में पति-पत्नी व एक बालिका को कुचल दिया, जिसमें मौके पर ही पति की मौत हो गयी। तीनों लोगों की पहचान देशपाल, सुशीला व आयुषी के रूप में हुई, जहां देशपाल की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नी सुशीला व पत्नी आयुषी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां देशपाल को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया वहीं एम्बूलेंस बुलाकर मृतक देशपाल की पुत्री आयुषी व पत्नी को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया गया। मृतक देशपाल शामली जनपद के बंतीखेड़ा के निवासी थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार मजदूर की मौत



**जानसठ, 06 मार्च (बु.)।** पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोपेड फिसल गई, जिसमें मोपेड सवार मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बृहस्पतिवार की सुबह लगभग छह बजे थाना क्षेत्र के गांव चितौड़ा निवासी 55 वर्षीय सतपाल पुत्र सिमरु मोपेड द्वारा अपने गांव से थानाक्षेत्र के गांव कवाल में स्थित भट्टे पर मजदूरी करने जा रहा था। कवाल भट्टे पर जाते समय सुबह लगभग छह बजे जब वह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव चितौड़ा के सामने पुलिया के पास पहुंचा, तो सामने की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी, जिसकी वजह से वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सतपाल को सीएससी जानसठ पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सतपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में मजदूर की मौत होने से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि सतपाल अपने गांव से पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर विपरीत दिशा से कवाल की ओर आ रहा था। दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

# अश्लील वीडियो देखने वाले प्रिंसिपल और शिक्षिका बीच जमकर हुई झड़प



**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** जिले के फुगाना का प्राथमिक स्कूल नंबर-दो पिछले कई दिनों से इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। मंगलवार को इस स्कूल की छात्राएं डीएम कार्यालय पहुंची थी और उन्होंने स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप लगाए थे कि वे स्कूल में मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखते है, जिसकी डीएम उमेश मिश्रा के आदेश पर बीएसए संदीप कुमार ने जांच कमेटी गठित कर दी थी। इसी बीच बुधवार को इसी स्कूल में फिर हंगामा हो गया है। स्कूल में प्रधानाचार्य व शिक्षिका समेत अभिभावकों के बीच भी झड़प हो गई। हंगामा इतना बढ़ा कि मामले की शिकायत लेकर शिक्षिका थाने पहुंच गई। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को डीएम को की गयी शिकायत की जांच के लिए बीएसए संदीप कुमार ने कमेटी गठित कर दी थी। इसी बीच बुधवार को स्कूल में इसी मामले को लेकर कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुभाष कुमार व सहायक अध्यापिका नीरा चौहान के बीच जमकर कहासुनी हो गयी। इस दौरान दोनों के समर्थक अभिभावक भी बीच में आ गए। उनके बीच जमकर भी झड़प हुई। अध्यापकों ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। एक पक्ष प्रधानाचार्य पर अश्लील वीडियो के आरोप लगा रहे है, तो दूसरी तरफ सुभाष कुमार के समर्थक सूर्य प्रताप और नीरा चौहान पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। आज स्कूल में हुए हंगामे के बाद सहायक अध्यापिका नीरा चौहान मामले की शिकायत करने फुगाना थाना पहुंच गई। इस सम्बंध में एबीएसए किरण यादव ने सारे मामले से अनभिज्ञता जताई है, लेकिन पिछले कई दिन से इस स्कूल का मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।




# कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार समेत चार आरोपी एमपी एमएलए कोर्ट में पेश

**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान थाना छपार क्षेत्र के गांव खामपुर में एक जनसभा बिना अनुमति के आयोजित की गयी थी, जिसमें कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार समेत अन्य लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन व कोविड प्रोटोकॉल के नियमों का उल्लंघन करने का मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें पुलिस ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार समेत चार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है। गुरूवार को मंत्री अनिल कुमार सहित चार आरोपी कोर्ट में पेश हुए जहां सभी के बयान दर्ज कराए गए। कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए 27 मार्च की तिथि नियत की है।






## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 06 मार्च (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 07 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1876-अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलिफोन का पेटेंट हासिल किया। 1906-फिनलैंड में महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला। 1911-हिंदी के उल्लेखनीय लेखक और साहित्यकार हीरानंद सच्चिदानंद वात्स्यायन का जन्म। 1925-मंगोलिया पर सोवियत रेड आर्मी ने बाहरी कब्जा किया। 1949-भारतीय राजनीतिज्ञ गुलाम नबी आजाद का जन्म। 1952-वेस्ट इंडीज के धाकड़ बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स का एंटीगुआ में जन्म हुआ। 1955-भारतीय अभिनेता अनुपम खेर का जन्म हुआ। 1961-स्वतंत्रता सेनानी गोविंद वल्लभ पंत का निधन। 1969-इजरायल ने गोल्डा मीर को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना। लेवी एशकोल की निधन के बाद उन्हें प्रधानमंत्री बनाया गया। 1971-शेख मुजिब-उर-रहमान ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया। 1977-पाकिस्तान में 1970 के बाद पहला आम चुनाव और 1947 में पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद पहली बार असैन्य शासन के तहत चुनाव कराए गए। 1985-एड्स का पहला एंटीबॉडी परीक्षण एलिसा-टाइप टेस्ट शुरू किया गया। 1987-टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे किए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले बल्लेबाज बने। 2008-अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगल ग्रह पर झील की खोज की। 2009-नासा ने केप्लर दूरबीन लॉन्च की, जो सूरज की परिक्रमा करता है और पृथ्वी जैसे करीब एक लाख सितारों की टोह लेता रहा है। केप्लर दूरबीन मानव जाति के इतिहास की सबसे ताकतवर दूरबीन मानी गई। 2010-अमेरिका की फिल्म निर्देशक कैथरीन बिगलॉ सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला बनीं। उन्हें यह पुरस्कार 2008 में आई उनकी फिल्म द हर्ट लॉकर के लिए दिया गया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1340, रसकट ढैया 1270-1282, चाकू 1390-1535, लड्डू 1460-1520, खुरपापाड़ 1400-1410, शक्कर मसाला 1490-1500। आमद- 8000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 88400 | चांदी- | 98200 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 65975 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 07 मार्च, 2025**

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने ^मुजफ्फरनगर बुलेटिन* प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को ^दैनिक बुलेटिन प्रेस* 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# युवती के परिजनों की पिटाई से क्षुब्ध युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास, हालत गंभीर

**21 जनवरी को रिश्तेदारी से प्रेमिका को भगा कर रचा लिया था निकाह**

**शामली, 06 मार्च (बु.)।** प्रेम सम्बंधों में रिश्तेदारी से एक युवती को लेकर भागने के बाद उससे निकाह और कोर्ट मैरिज करने वाले युवक को युवती के परिजनों ने दिल्ली से दबोचने के बाद बंधक बनाकर अपने घर रखा और कई दिनों तक प्रताड़ित करने के बाद उसको उसके घर छोड़कर चले गये। प्रेमिका से दूर होने और उसके परिजनों के द्वारा किये गये उत्पीड़न से क्षुब्ध युवक ने अवसाद में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया, युवक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। शामली के कैराना में घर से भागकर निकाह करने पर नाराज युवती के परिजनों ने युवक की पिटाई कर दी थी। पिटाई और प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया। युवक के भाई ने युवती के परिजनों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे नगर के एक मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय युवक ने अपने घर पर गोभी की फसल में डालने वाला कीटनाशक खा लिया। जहर के प्रभाव के कारण हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को नगर के प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए। सूचना पर पुलिस भी हॉस्पिटल पहुंची तथा जानकारी ली। हॉस्पिटल से गंभीर हालत के चलते युवक को दिल्ली रेफर कर दिया। युवक के भाई ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 21 जनवरी को उसका भाई मुजफ्फरनगर निवासी रिश्तेदारी में से एक युवती को लेकर चला गया था। युवक ने युवती से निकाह करने के बाद हाईकोर्ट में सुरक्षा के लिए याचिका दायर की थी, जिसमें 4 फरवरी को कोर्ट में पेश होने की तारीख लगी थी, लेकिन उसका भाई व युवती किसी कारण से कोर्ट में पेश नहीं हो सके थे। हाई कोर्ट में पेश होने के लिए 28 मार्च की तारीख दी है। आरोप है कि 18 फरवरी को युवती के परिजनों ने दिल्ली से उसके भाई व युवती को पकड़ लिया और अपने साथ ले गए थे। युवती के परिजनों ने दोनों को अपने घर में रख कर बुरी तरह प्रताड़ित करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने उसके भाई को भूखा रखा तथा सोने नहीं दिया और 27 फरवरी को घर छोड़ गए। आरोपियों ने धमकी दी कि थाने में शिकायत की तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित का आरोप है कि युवती के परिजनों द्वारा मारपीट व प्रताड़ित करने के कारण उसका भाई सदमे में था। इसी के चलते उसने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## थानाभवन में बेकाबू ट्रक ने मचाया आतंक, कैंटर को टक्कर मारते हुए 3 दुकानों में घुसा

**शामली, 06 मार्च (बु.)।** गुरूवार की अलसुबह जनपद शामली में थानाभवन स्थित चरथावल बस स्टैंड पर खड़ी पिकअप और दूध के कैंटर को टक्कर मारते हुए एक तेज रफ्तार ट्रक कई दुकानों में जा घुसा। हादसे के समय सभी दुकानें बंद थीं और कोई भी चहल पहल नहीं होने के कारण एक बड़ी जनहानि टल गई। हालांकि दुकानों के क्षतिग्रस्त होने के कारण कई दुकानदारों का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही चालक ट्रक को वहीं छोड़कर फरार हो गया। कस्बा थानाभवन में सहारनपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक बृहस्पतिवार तड़के करीब 3 बजे चरथावल बस स्टैंड पर सड़क किनारे खड़ी पिकअप और एक दूध के कैंटर को टक्कर मारते हुए तीन दुकानों में जा घुसा। गनीमत रही कि उस समय दुकानें बंद थीं और आसपास भी कोई नहीं था, वरना और बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के दौरान ट्रक ने पहले दूध के कैंटर और केला गोदाम पर केला उतारने आई पिकअप को जोरदार टक्कर मारी। फिर बेकाबू होकर सड़क किनारे नूर ट्रेडर्स, चांद ऑटो स्पेयर पार्ट्स, शफीर की खाद की दुकान में जा घुसा। इस टक्कर से दुकानों के शटर, काउंटर व अन्य सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। गनीमत रही कि घटना के वक्त सड़क पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि होने से बच गई। व्यापारियों ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## रक्तदान के लिए निकाली गई जन जागरूकता रैली



**रामराज, 06 मार्च (बु.)।** रामराज में मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ब्रांच रामराज के तत्वावधान में 9 मार्च को 11वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर लोगों को रक्तदान करने को जागरूक करने के लिए सत्संगियों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली सत्संग भवन से आरंभ होकर मुख्य बाजार शिव चौक मंदिर, मुख्य बाजार, ढलान वाला मौहल्ला आदि मार्गो से होती हुई वापस सत्संग भवन पर आकर रैली का समापन हुआ। रैली में भारी संख्या में सत्संगियों ने भाग लिया। संचालक राजन तनेजा ने बताया कि रक्तदान वह मानवीय कर्म है, जिसके द्वारा किसी मानव का जीवन बचाया जा सकता है। इस मौके पर अजब सिंह, सुरेश चंद, मास्टर सुभाष, मदन कुमार, राजन कुमार, केपी सिंह धीमान, डॉ. श्रीपाल कोहली मौजूद रहे।

## कनेक्शन काटने गये लाइनमैन को दी जान से मारने की धमकी

**भोपा, 06 मार्च (बु.)।** बिजली बकाएदारों के कनेक्शन काटने गए संविदाकर्मी लाईनमैन को फोन पर गाली-गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने पर अवर अभियंता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। 33/11 केवी उपकेन्द्र भोपा के अवर अभियंता इमरान अख्तर ने बताया कि बुधवार को संविदाकर्मी लाईनमैन आशु, लियाकत के साथ विद्युत बकाया वसूली हेतु ग्राम भोपा में अशरफ व शौकीन के परिसर पर पहुंचकर विद्युत बकाया पर संयोजन विच्छेदन किए गये, जिसके बाद शौकीन व शहजान द्वारा लाईनमैन के मोबाईल पर गालियां देने लगे व जान से मारने की धमकी दी गई। गुरूवार को विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ थाने पहुंचे अवर अभियंता इमरान अख्तर ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला ने मामूली बात पर किया जहर का सेवन, हालत गंभीर



**बुढ़ाना, 06 मार्च (बु.)।** एक महिला ने किसी मामूली सी बात पर अपने पति से लड़-झगड़कर घर में रखे हुए जहर का सेवन कर लिया, तब महिला को गंभीर हालत में बुढ़ाना कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर महिला की हालत गंभीर बनी हुई थी। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना निवासी 29 वर्षीया स्वाति पत्नी विकास कुमार ने बृहस्पतिवार के दिन अपने पति विकास कुमार के साथ किसी बात पर लड़-झगड़कर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। मुंह से झाग निकलने पर ससुरालियों को समझते देर नहीं लगी, तभी उन्होंने महिला को आनन-फानन में गांव के ही किसी निजी चिकित्सक को दिखाया, तो उसने महिला को बुढ़ाना भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक उसका उपचार चल रहा था और हालत गंभीर बनी थी। घटना की सूचना फुगाना पुलिस को दे दी गयी है।

## विवादित खंडहरनुमा पड़े मकान का ताला तोड़कर किया कब्जा



**बुढ़ाना, 06 मार्च (बु.)।** एक दशक से भी अधिक समय से बंद पड़े एक खंडहरनुमा विवादित मकान का ताला तोड़े जाने की शिकायत पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। सलीम पुत्र अब्दुल गनी निवासी मौहल्ला मिर्दगान बुढ़ाना हाल निवासी दिल्ली ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा उत्तरी मिर्दगान वार्ड नंबर-16 में एक पैतृक मकान लगभग 90 वर्ग मीटर में बना हुआ है। अब वह लम्बे समय से दिल्ली में ही रह रहा है। उसको बीती 05 मार्च को पता चला कि ताहिर, मौहम्मद शाहिद, मौहम्मद राशिद और पप्पू पुत्रगण रफीक निवासीगण कस्बा बुढ़ाना ने उसके पैतृक मकान का ताला तोड़कर अपना ताला डाल दिया है, जिसका उसे कोई कानूनी अधिकार नहीं है। उसने आज बृहस्पतिवार को आकर देखा, तो ताहिर आदि के द्वारा अपने ताले उसके मकान पर डाले हुये हैं। इससे पूर्व भी उसकी गैर हाजिरी में ताहिर, मौहम्मद शाहिद और मौहम्मद राशिद ने अपने भाई पप्पू के नाम उक्त मकान का ही बैनामा जालसाजी करके करा दिया था और उसके साथ पूर्व में भी उक्त सभी लोग मारपीट कर चुके हैं, जिस सम्बन्ध में एक मुकदमा न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां पर विचाराधीन है। आरोपी दंबग झगडालू और राजनैतिक किस्म के व्यक्ति हैं। यह लोग उसको पहले भी जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। उसको अपनी जान माल का अब भी उक्त लोगों से खतरा बना है।

# मोरना शुगर मिल पर किसानों का प्रदर्शन-नारेबाजी

**दवा, खाद और गन्ना बीज समय से न मिलने पर जताया कड़ा आक्रोश**



**भोपा, 06 मार्च (बु.)।** गन्ना विकास परिषद चीनी मिल मोरना में दवाईयों पर छूट न मिलने व गन्ना बुवाई के समय खाद न मिलना व गन्ना बीज समय पर उपलब्ध न कराने से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों ने नारेबाजी करते धरना-प्रदर्शन किया। ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक संजय कुमार के साथ किसानों की तीखी नोंकझोंक हुई। किसानों ने भेदभाव करने व गन्ना अनुदान का पैसा हजम करने के गम्भीर आरोप लगाए। भाकियू मोरना ब्लॉक अनुज राठी ने कहा किसान अनिल, ब्रजपाल, बिट्टू, सतीश, नितिन, जोगेन्द्र, बबलू, अक्षय आदि दर्जनों किसानों को अभी तक गन्ना विकास परिषद द्वारा फसल के लिए वितरित की गई दवाईयों में कोई अनुदान का लाभ नहीं मिला। गन्ना विभाग कर्मचारी से जानकारी की गई, तो उसने बताया कि अप्रैल में दवाई लोगे तो उस पर छूट मिलेगी, मार्च माह में कोई छूट नहीं दी जाएगी, जबकि किसानों का कहना है कि पिछले साल दवाईयों का अनुदान अभी तक किसानों को नहीं मिला है। किसानों की खाद लिमिट भी बढ़नी चाहिए। गन्ना फसल की बुवाई के समय किसानों को खाद व दवाईयां नहीं मिलती। सरकार की यह कैसी योजनाएं हैं। गन्ना बुवाई का समय चल रहा है, लेकिन किसानों को समय पर बीज नहीं मिलेगा तो वह कैसे बुवाई कर सकेगा। जिला उपाध्यक्ष बिट्टू प्रधान ने कहा कि गन्ना विभाग व गन्ना विकास परिषद के अधिकारी किसानों की समस्याओं को सुलझाने की बजाय एक दूसरे पर थोपकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जिला प्रशासन यह तय करे कि किसानों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। इस मौके पर जिला महासचिव भूरा चौधरी, शुभम, पुष्पेन्द्र, मनिन्द्र, हरेन्द्र, रूपेश राठी, रियाज, ओमबीर, बाबूराम, यशपाल, राजसिंह, विशाल आदि दर्जनों किसान मौजूद रहे। जयेष्ठ गन्ना निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि किसानों को तयसीमा के अनुसार अनुदान वितरण किया जाता है। चीनी मिल ने बिना अनुदान के दवाई मंगाई है। बजट के अनुसार किसानों के खाते में पैसा भेजा गया। हमारे पास किसानों के अनुदान की कोई सूचना नहीं। एक अप्रैल को अनुदान की सूचना मिलेगी।

# त्यौहारों पर चलने नहीं दी जायेगी कोई भी नई परपम्परा, मस्जिदों के सामने न हो हुड़दंग

## होली और ईद पर्व को लेकर एसडीएम व सीओ ने की बुढ़ाना थाने में शांति समिति की बैठक, सुनी गई लोगों की समस्या



**बुढ़ाना, 06 मार्च (बु.)।** आगामी त्यौहार होली, दुल्हैंडी, रमजान, अलविदा जुमा और ईद-उल-फितर को लेकर बुढ़ाना कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की एक बैठक का आयोजन आज बृहस्पतिवार के दिन किया गया, जिसमें कोई भी नई परंपरा नहीं डालने की अपील की गई। जुम्मे की नमाजों को लेकर भी बात की गयी। मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती की अध्यक्षता में होली, दुल्हैंडी, रमजान, अलविदा जुमा और ईद-उल-फितर के पर्व को लेकर अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम और सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को शांति पूर्वक भाईचारे के साथ परंपरागत ढंग से मनाने की अपील की और कहा कि कोई भी नई परंपरा ना डालें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या आने पर प्रशासन को तुरंत जानकारी दें और बिना परमिशन के जुलूस ना निकले। मस्जिदों के सामने होली का हुड़दंग करते समय ना रुकें और शोर शराबा ना करें। सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट को लेकर पुलिस को तत्काल सूचना देने का आह्वान किया गया और कोई भी नई परंपरा नहीं डालने का भी आह्वान किया गया। यहां कोतवाल आनंद देव मिश्र, ईओ आलोक रंजन, एसएसआई ललित शर्मा, कस्बा इंचार्ज ललित कसाना, व्यापारी नेता राजेश संगल, भाकियू नगर अध्यक्ष मोहम्मद इसरार, एडवोकेट एहतशाम सिद्दीकी, आरिफ राणा, जिला पंचायत सदस्य बाबा मोमीन हसन और मुरसलीन आदि लोग उपस्थित रहे।

## शराबी बेटे ने की भाला घोंप कर मां की हत्या

**शाहजहाँपुर, 06 मार्च (एजेंसी)।** शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव गनपतपुर में शराब के नशे में पिता पर हमला करने पर बचाव में आई 65 वर्षीय मां मैना देवी को बड़े बेटे विपिन कुमार ने भाला मार दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भागते समय गांव के दो लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने भाला मारकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। निगोही के गांव गनपतपुर निवासी भाईलाल का बड़ा बेटा विपिन कुमार शराब पीने का आदी है। बुधवार से वह शराब पीकर घूम रहा था। रात में नशे में उसने अपनी पत्नी राधा देवी को पीट दिया। तड़के चार बजे फिर से जागा और डंडा मारकर पत्नी का सिर फोड़ दिया। इसके बाद भाला लेकर मकान के बाहर बैठ गया था। बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे पिता भाईलाल आए और मकान के बाहर बैठे बेटे को समझाने का प्रयास किया। पिता ने उससे कहा कि झगड़ा न करो और अंदर चलकर खाना खा लो। इतनी बात सुनकर वह पिता के ऊपर भाला लेकर दौड़ पड़ा। मकान के अंदर टिनशेड के नीचे बैठीं मैना देवी ने देखा तो वह दौड़कर आईं और भाला पकड़ लिया। परिजन के अनुसार, विपिन ने उनके चेहरे पर भाला से वार किया। इसके बाद लगातार कई वार कर मौत के घाट उतार दिया।

## रालोद नेताओं ने चरण सिंह प्रतिमा अनावरण स्थल का किया निरीक्षण



**बुढ़ाना, 06 मार्च (बु.)।** ब्लॉक के गांव जौला के समीप कांधला रोड पर स्थित गायत्री वाटिका परिसर में बृहस्पतिवार के दिन राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. वसीम त्यागी अपने कई समर्थकों के साथ पहुंचे और आगामी 08 मार्च को यहीं पर होने वाले चौधरी चरण सिंह प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष डॉ. वसीम त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के पार्क जौला में स्थित भारत रत्न, किसान मसीहा, स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का चिर प्रतिक्षित अनावरण 08 मार्च को प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और उत्तर प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह संयुक्त रूप से चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। आज वे अपनी टीम के साथ उक्त कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने और जायजा लेने के लिए आए हुए थे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के मद्देनजर यहां के आसपास के गांवों में खासकर मुस्लिम समाज के लोगों में प्रतिमा अनावरण को लेकर एक अच्छा खासा उत्साह है। उनके संग राष्ट्रीय लोकदल के चरथावल विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष शकील राणा, सदर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष राशिद राणा, जिला उपाध्यक्ष इसरार चौधरी आदि नेता मौजूद थे।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोपा, 06 मार्च (बु.)।** स्कूल से आते समय रास्ते में छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने व हाथ पकड़ने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा की दादी ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसकी 13 वर्षीया पौत्री पर मौहल्ले का ही बादल बुरी नजर रखता है तथा स्कूल जाते समय रास्ते में आते जाते परेशान करता है। उसकी पौत्री जब छत पर कपड़े सुखाने व कुछ काम करने के लिए छत पर चढ़ती है, तो बादल पडोसी के मकान के पास खड़ा होकर भद्दे इशारे करता है। परेशान होकर छात्रा ने अपनी मां व दादी को घटना के बारे में बताया। लगभग एक माह पूर्व भी पीड़िता ने बादल के माता पिता से उसकी हरकतों की शिकायत की थी, परन्तु इसके बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा का स्कूल से आते समय हाथ पकड़ा तथा अश्लील फोटो भी दिखायी। छात्रा की दादी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक उमेश रौरिया ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी बादल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## आतंकी अयोध्या को छू भी नहीं सकते: अपर्णा यादव

**अयोध्या, 06 मार्च (एजेंसी)।** राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि योगी का नाम सुनते ही आतंकी डर जाते हैं इसलिए आतंकवादी अयोध्या नहीं पहुंच सकते। वहीं, सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब की तारीफ करने पर अपर्णा ने कहा कि औरंगजेब अबू आजमी के खुदा होंगे लेकिन भारत के आम मुसलमानों के औरंगजेब खुदा नहीं हो सकते। दूसरी तरफ महाकुंभ की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ की तारीफ यूनेस्को भी की है। कामाख्या धाम महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर पहुंची अपर्णा ने राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम से लोग डरते हैं और राम मंदिर को आतंकी कभी छू भी नहीं सकता।

# दस महापुरुषों के नाम पर यूपी में दस योजनाएं

**लखनऊ, 06 मार्च (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा के दौरान कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की। करीब दस ऐसी योजनाएं महापुरुषों को समर्पित करते हुए सीएम ने कहा कि यह पहल उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और समरस समाज की दिशा में नई ऊंचाई देगी। इन योजनाओं से कृषि, उद्योग, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में विकास होगा। साथ ही रोजगार सृजन, महिला सशक्तीकरण और बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।
उत्तर प्रदेश सरकार ने भक्ति और समर्पण का प्रतीक माता शबरी के नाम पर कृषि मंडियों में कैंटीन और विश्रामालय की स्थापना से किसानों और श्रमिकों को सस्ते दर पर भोजन व आराम की सुविधा मिलेगी। सरकार ने अयोध्या में भी शबरी के नाम पर भोजनालय बनाया है। सीएम योगी ने हर परिवार से न्यूनतम एक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ने के लिए जनपदीय आर्थिक क्षेत्र रोजगार जोन के रूप में बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद की विशेषताओं और संभावनाओं को देखते हुए 100 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर इसका विकास किया जाएगा। यह अनूठी पहल देश के पहले गृहमंत्री सरदार पटेल को समर्पित होगी। कामकाजी महिलाओं के लिए वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झांसी और आगरा में वर्किंग वुमेन हॉस्टल बनेंगे। सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अग्रदूत रहीं अहिल्याबाई के नाम पर ये हॉस्टल उनके 300वें जयंती वर्ष में अर्पित किए जाएंगे। रानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना थीं। उनके नाम पर मेधावी बालिकाओं को स्कूटी देने की योजना शुरू की गई है। महान संत कबीरदास के नाम पर 10 टेक्सटाइल पार्क स्थापित होंगे। इससे प्रदेश के कपड़ा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। समाज में समानता और श्रम की प्रतिष्ठा के पक्षधर संत रविदास के नाम पर प्रदेश में दो लेदर पार्क स्थापित किए जाएंगे, जिनमें से एक आगरा में होगा। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न चौधरी चरण सिंह के नाम पर लखनऊ में सीड पार्क स्थापित किया जाएगा, जिससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और कृषि संबंधी संसाधन उपलब्ध होंगे। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालय बनाने के लिए भी बजटीय प्रावधान किया है। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर समाज कल्याण छात्रावासों के पुनर्निर्माण और नव निर्माण की योजना है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर दो जनजातीय संग्रहालय स्थापित करने की योजना बनाई है। इसके लिए बजट में धनराशि का प्रावधान किया गया है।

# पुरकाजी में मौहल्ला दक्षिणी चमारान का नाम अब अंबेडकर बस्ती होगा: जहीर फारूकी



**पुरकाजी, 06 मार्च (बु.)।** आज नगर पंचायत पुरकाजी कार्यालय में चेयरमैन जहीर फारूकी की अध्यक्षता और अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा के संचालन में बोर्ड मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष 2025-2026 का करीब 21 करोड़ आय तथा साढ़े 21 करोड़ व्यय का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया।
बोर्ड मीटिंग में चेयरमैन जहीर फारूकी के महत्वपूर्ण प्रस्तावों में पुरकाजी के वार्ड नंबर-1 मौहल्ला दक्षिणी चमारान का नाम बदलकर अंबेडकर बस्ती किए जाने का प्रस्ताव रखा गया तथा गर्मियों में सभी वार्डो में ठंडे पानी का फ्रीजर, वार्डो में लाइट और अन्य विकास संबंधी कार्य सर्वसम्मति से पारित किए गए।
बोर्ड बैठक में पिछले विकास कार्यो की जानकारी देते हुए आगामी निर्माण संबंधी विकास कार्यो की जानकारी भी दी गई। सभी सभासदों ने बोर्ड बैठक में भाग लिया। सभी सभासदों ने बोर्ड बैठक में जल निगम द्वारा जेसीबी से सड़कें तोड़कर पाइपलाइन डालने की शिकायत भी रखी, जिस पर चेयरमैन और सभी सभासदों की तरफ से जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को लेटर लिखे जाने की बात हुई। बोर्ड बैठक में मुख्य रूप से प्रधान लिपिक समर काजमी, विकसित उर्फ विक्की, रजनीश, फैमिदा, निसार अहमद, इशरत जहां, शाहलम गौर, इस्तखार उर्फ लाल्ला, आतिफ खान, शबनम, नदीम अहमद, फरजाना, आजाद फरीदी, आलम कुरैशी, मसरूर खान, विशाल सभी 15 सभासद मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः- 2468/सा0प्र0/2024-25 दिनांक 05/03/2025

**ई-निविदा सूचना।**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा शिव चौक से प्रकाश चौक होते हुए महावीर चौक तक डिवाइडर पर डबल आर्म फैन्सी पोल्स लगाये जाने के कार्य हेतु, व्यापार कर/आयकर/जी0एस0टी0 पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई-निविदा दिनांक 28/3/2025 अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 7/3/2025 की प्रातः 10 बजे से दिनांक 28/3/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू0 100/-के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए दिनांक 28/3/2025 की प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 28/3/2025 को सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

| मार्ग प्रकाश प्रभारी | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| मुजफ्फरनगर। | मुजफ्फरनगर। | मुजफ्फरनगर। |

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में कक्षा -6 सेक्शन बी, में अध्ययनरत मेरी पुत्री का नाम टी.सी. में मुस्कान सैनी लिखा हुआ है जो गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम मुस्कान (MUSKAN) है।भविष्य में सभी कार्यों/ उद्देश्यों के लिए मुस्कान (MUSKAN) नाम ही जाना व पहचाना जाये और विद्यालय रिकार्ड में भी यहीं माना व दर्ज किया जाये।

**दीपक सैनी पुत्र श्री हरपाल सिंह**
176/5 ए, संगम विहार, मुजफ्फरनगर

## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री आदया अग्रवाल के जन्म प्रमाणपत्र संख्या 11231/ 08-12-2017 त्रुटिवश से मेरा घरेलू नाम रेनू अग्रवाल अंकित कराया गया था जबकि वास्तविक नाम रेनू कृष्णा आर्य है भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाए। संशोधन हेतु आवेदन विभाग में प्रस्तुत किया गया है रेनू कृष्णा आर्य पत्नी मनीष अग्रवाल मकान नंबर 76 काजियान अबूपुरा जिला मुजफ्फरनगर



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## उत्तराखण्ड में शीतकालीन पर्यटन

उत्तराखण्ड के हरिद्वार, ऋषिकेश सहित कई पर्यटन क्षेत्र, पर्यटकों को आकर्षित करते ही हैं, लेकिन इनमें ग्रीष्म ऋतु ही में पर्यटक अधिक आते हैं, ये शीत कालीन पर्यटन का अंग नहीं हैं, लेकिन अब उत्तराखण्ड में शीतकालीन पर्यटन भी विकसित होगा। प्रधानमन्त्री ने कल इसके लिए माहौल बना दिया। उत्तराखंड का हर्षिल-मुखबा क्षेत्र एकाएक चर्चाओं में आ गया। आने वाले समय में यह क्षेत्र शीतकालीन पर्यटन के रूप में बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है। हर्षिल उत्तराखंड की वह खूबसूरत जगह है, जो पर्यटन से अभी भी अछूता है। मनोरम पहाड़ियों के बीच बसे इस क्षेत्र की सुंदरता देखते ही बनती है। हर्षिल में भगवान श्री हरि की लेटी हुई शिला है, जो कि हर्षिल में लक्ष्मीनारायण मन्दिर के नीचे भागीरथी गंगा नदी के किनारे पर स्थित है, इसलिए इसका नाम हर्षिल नाम पड़ा है। हर्षिल उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी ज़िले में स्थित एक ग्राम और सैनिक छावनी है। यह हिमालय में भागीरथी नदी के किनारे बसा एक रमणीय हिल स्टेशन है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर गंगोत्री के हिन्दू तीर्थस्थल के मार्ग में आता है। हर्षिल उत्तरकाशी से 78 किमी और गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान से 30 किमी दूर है। यह अपने प्राकृतिक वातावरण और सेब उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। गढ़वाल के अधिकांश सौन्दर्य स्थल दुर्गम पर्वतों में स्थित हैं, जहां पहुंचना बहुत कठिन होता है। यही कारण है कि प्रकृति प्रेमी पर्यटक इन स्थानों पर पहुंच नहीं पाते हैं, लेकिन ऐसे भी अनेक पर्यटक स्थल हैं, जहां सभी प्राकृतिक विषमता और दुरुहता समाप्त हो जाती है। वहां तक पहुंचना सहज और सुगम होता है। यही कारण है कि इन सुविधापूर्ण प्राकृतिक स्थलों पर अधिक पर्यटक पहुंचते हैं। प्रकृति की एक ऐसी ही सुंदर उपत्यका है हर्षिल घाटी के सीने पर भागीरथी का शान्त और अविरल प्रवाह हर किसी को आनन्दित करता है। पूरी घाटी में नदी-नालों और जल प्रपातों की भरमार है। हर कहीं दूधिया जल धाराएं इस घाटी का मौन तोड़ने में डटी हैं। नदी-झरनों के सौंदर्य के साथ-साथ इस घाटी के सघन देवदार के वन मनमोहक हैं, जहां तक दृष्टि जाती है वृक्ष ही वृक्ष दिखाई देते हैं। यहां पहुंचकर पर्यटक इन वृक्षों की छांव तले अपनी थकान को मिटाता है। वनों से थोड़ा ऊपर दृष्टि पड़ते ही आंखें खुली की खुली रह जाती है। हिमाच्छादित पर्वतों का आकर्षण तो देखते ही बनता है। ढलानों पर फैले हिमनद भी देखने योग्य है। यह क्षेत्र मां गंगा के मायके के रूप में भी जाना जाता है। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरुस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन गतिविधियों में पीछे है, लेकिन माना जा रहा है कि अब पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। कल उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने शीतकालीन यात्रा का सबसे बड़ा प्रमोशन कर दिया है। इस यात्रा के प्रमोशन के लिए इससे पहले कभी इतने गंभीर प्रयास नहीं हुए। उत्तराखंड की शीतकालीन यात्रा के साथ प्रधानमन्त्री के जुड़ाव के लिए मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी ने जो प्रयास किए थे, उसका सार्थक परिणाम सामने आया है। बहुत कम समय में उत्तराखंड की शीतकालीन यात्रा और पर्यटन देश-दुनिया की नजरों में आ गए हैं। पीएम मोदी ने सीएम धामी से कहा कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के लिए प्रतियोगिता आयोजित करें। वह उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म पर शॉर्ट फिल्म बनाएं, जो सबसे अच्छी बनाएं उन्हें इनाम दें। इससे प्रदेश के खूबसूरत स्थलों की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। वहीं उन्होंने कंटेंट क्रियेटर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर से भी अपील की कि वह उत्तराखंड के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगे आएं। कॉरपोरेट घरानों से आग्रह किया कि वह अपनी बैठकों के लिए उत्तराखंड आएं। प्रधानमन्त्री ने एक्स पर लिखा कि मुखबा में पतित पावनी मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल के दर्शन को लेकर मैं बहुत-बहुत उत्सुक हूं। यह पावन स्थल अपने आध्यात्मिक महात्म्य और अद्भुत सौंदर्य के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इतना ही नहीं, यह विरासत भी और विकास भी के हमारे संकल्प का एक अनुपम उदाहरण है। प्रधानमन्त्री ने लिखा कि मुझे प्रसन्नता है कि देवभूमि उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने का एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इससे जहां धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है, वहीं होम स्टे सहित कई स्थानीय व्यवसायों को भी फलने-फूलने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पीएम की इस पोस्ट पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लिखा कि प्रधानमन्त्री का प्रदेश वासियों की ओर से मुखबा में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन। आपकी प्रेरणा और मार्गदर्शन में देवभूमि के धार्मिक स्थल का पुनर्विकास हो रहा है। शीतकालीन यात्रा के माध्यम से हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश की आर्थिकी सशक्त करने के लिए सतत क्रियाशील है। पीएम ने कहा कि घाम तापो पर्यटन उत्तराखंड के लिए नया आयाम लेकर आएगा, ऐसी व्यवस्था करेंगे, जिससे उत्तराखंड हर सीजन में ऑन सीजन रहेगा। वर्ष 1962 में भारत चीन युद्ध से पहले यहां के ग्रामीणों का तिब्बत से सीधा व्यापारिक संबंध था। इसके अलावा चमोली जनपद की नीति माणा, उत्तरकाशी जिले के कोपांग, जादुंग और पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांवों से तिब्बत और मानसरोवर यात्रा की जाती थी। वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद पिछले छह दशकों से अधिक समय से व्यापार और कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद है। हालांकि वर्ष 1976 में कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू की गई, लेकिन फिर कोविड-काल और बाद में चीन से संबंधों में तल्खी के बाद यह यात्रा बंद है। पिछले दिनों केंद्रीय विदेश मंत्री की चीन के विदेश मंत्री से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को लेकर हुई वार्ता से उम्मीद के पंख लगे हैं। इधर जिला प्रशासन चमोली की सीमा दर्शन के प्रयासों से स्थानीय लोगों में खुशी है। प्रधानमन्त्री ने उत्तराखंड से अपना आत्मीय लगाव, व्यक्त करते हुए कहा कि वो जीवनदायिनी मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल पर अपने परिवारजनों के बीच पहुंचकर धन्य महसूस कर रहे हैं। प्रधानमन्त्री बोले कि मां गंगा की कृपा ही से उन्हें दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला। पीएम मोदी ने ऐसा भी कुछ कहा, जिससे उनके विरोधियों को भी आलोचना का अवसर मिल जाएगा। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि उन्हें कुछ महीने पहले अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने उन्हें गोद ले लिया है। अब अपने बच्चे के प्रति मां गंगा का दुलार ही है कि वो आज खुद मुखवा गांव पहुंच पाए हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'तमाशा' 'दिखावा' 'नाटक' 'सदाएं'**

तमाशा कुछ भी हो प्यारे, दिखावा कुछ भी हो प्यारे,
वो असली हैं कि नकली हैं, वफाएं बोल देती हैं।
पुकारा हो किसी ने तो उसे तुम गौर से सुनना,
है उनमें दर्द या नाटक, सदाएं बोल देती हैं।

# हद! पालिका में 82 हजार संपत्ति पंजीकृत, 33 हजार से हुई टैक्स वसूली

## - टैक्स वसूली में पिछड़ने पर ईओ ने टीओ को भेजा नोटिस - लक्ष्य में पिछड़ने पर तीन दिन में मांगा जवाब, चर्चा जोरों पर

मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। बीते वर्ष लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली कर यूपी सरकार की प्रशंसा बटोरने के साथ ही नगरोदय जैसी योजना में विशेष बजट पाने वाली मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद् वसूली में इस बार लक्ष्य हासिल करने में हांफती नजर आ रही है। इस बार लक्ष्य से 25 प्रतिशत से अधिक वसूली करने का एक सपना संजोया था, ताकि शहरी विकास में शासन से इस बार भी अतिरिक्त बजट हासिल किया जा सके। इसे लेकर गंभीर हुई ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने पालिका में पंजीकृत संपत्तियों में 50 प्रतिशत संपत्तियों से वार्षिक कर के रूप में राजस्व वसूली न हो पाने पर नाराजगी के साथ टीओ को नोटिस जारी करते हुए उनसे तीन बिन्दुओं पर दो दिन के भीतर ही स्पष्टीकरण मांगा है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने में चंद दिन शेष बचे हैं। ऐसे में वार्षिक कर और अन्य मदों में राजस्व वसूली को लेकर पालिका के कर विभाग की सुस्त चाल चर्चाओं में है। गत दिवस ईओ प्रज्ञा सिंह द्वारा की राजस्व वसूली की समीक्षा में पालिका के पिछड़ने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए टीओ दिनेश यादव और एई जल सुनील कुमार को पत्र जारी करते हुए राजस्व वसूली के लिए वार्डों में कैंप लगाने और प्रतिदिन विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। समीक्षा में पालिका के कर विभाग में पंजीकृत सम्पत्तियों से वार्षिक कर वसूलने में भी विभाग इस साल बहुत पीछे खड़ा नजर आ रहा है। इसके लिए ईओ ने टीओ को नोटिस जारी करते हुए पिछड़ने को लेकर कई सवालों का जवाब मांगा है। ईओ ने इस नोटिस में कहा है कि पालिका द्वारा कर व करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा में यह तथ्य संज्ञान में आया कि शहरी क्षेत्र में पंजीकृत 82,449 भवनों के सापेक्ष 33,605 भवनों से गृहकर और जलकर के रूप में तय राजस्व वसूली की गई है, जो पंजीकृत भवनों के सापेक्ष 50 प्रतिशत भी नहीं, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति में मात्र कुछ दिन का समय अवशेष है। उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति खेदजनक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जायेगी।

**इन्होंने कुछ यूं कहा...**

**ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि राजस्व वसूली समीक्षा में यह बात सामने आई है कि 82449 पंजीकृत भवनों के सापेक्ष चार मार्च तक 33605 भवनों से कर वसूल किया गया है। करीब 50 हजार भवनों से अभी कर वसूली ही नहीं हो पाई है। ऐसे में बकाया वसूली पर काम नहीं हो पायेगा। इसके लिए अब कर निर्धारण अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए उनसे इस लापरवाही के लिए जवाब मांगा है। इस स्थिति से चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को भी अवगत करा दिया गया है। पिछले साल पालिका को निर्धारित लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक राजस्व वसूली करने पर अतिरिक्त बजट शासन से मिला। इस बार हमारे प्रयास थे कि लक्ष्य से 25 प्रतिशत से ज्यादा राजस्व वसूली हो पाये, लेकिन स्थिति बेहद खराब है।**

## बोर्ड बैठक में हो हल्ले के आसार, कब मिल पायेगी कुत्ते व बंदरों से निजात




मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु)। शनिवार सुबह 11 बजे नगरपालिका बोर्ड बैठक होने जा रही है। उक्त बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामे के आसार दिखाई पड़ रहे हैं। नगरपालिका में लगातार कभी सफाईकर्मी, कभी बाहरी व्यक्ति का रिकॉर्ड रूम में घुसना, कभी सड़कों, कभी टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठने का मुद्दा जोरशोर से उठता ही रहता है। ऐसे में शनिवार को होने जा रही बोर्ड बैठक में बंदरों और कुत्तों से निजात मिलने की चर्चा भी सामने आयेगी। चूंकि नगर के नागरिकों को इस समस्या से निजात दिलाने में पालिका पूरी तरह कुम्भकर्णी नींद सोई हुई है। पिछले आठ महीने में 50-100 बन्दर पकड़े गये हों तो बात अलग है, नहीं तो इससे अलग बन्दर पालिका द्वारा पकड़वाते हुए नहीं देखा गया। हाल ही में भाजपा की एक सभासद द्वारा भी इस मुद्दे पर आवाज उठाई थी। पालिका द्वारा सभासद को आश्वासन देकर शान्त करा दिया गया था। अब देखना है कि उक्त विषय के सम्बन्ध में बोर्ड बैठक में कुछ होता है या फिर वहीं ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होती है।

# सड़कों पर उतरे शिवसैनिक, किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## - जिले का नाम लक्ष्मीनगर किए जाने की मांग का किया समर्थन



मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। शिवसैनिकों ने एक बार फिर ललित मोहन शर्मा के तीन दशक पुराने आंदोलन को नई धार देने का काम किया, जिसे लेकर विधानसभा में भाजपा एमएलसी मोहित बेनीवाल ने भी आवाज बुलंद करते हुए मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मीनगर करने की मांग अपनी ही सरकार से की। शिवसेना के वेस्ट यूपी प्रमुख के मार्गदर्शन में गुरूवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख आनंद प्रकाश गोयल व महानगर प्रमुख देवेंद्र चौहान के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मीनगर किये जाने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिवसेना मंडल प्रमुख शरद कपूर ने कहा कि एमएलसी मोहित बेनीवाल द्वारा सदन में मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मी नगर किए जाने का प्रस्ताव रखने से शिवसेना की तीन दशक पुरानी मांग को बल मिला है। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में शिवसेना ने मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मी नगर किए जाने की मांग को लेकर तत्कालीन जिला प्रमुख मोहनलाल अग्रवाल के नेतृत्व में मुहिम शुरू की थी तभी से शिवसेना के द्वारा मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मी नगर किए जाने की मांग को लेकर समय समय पर धरने प्रदर्शन के जरिए मुहिम को निरंतर चलाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इलाहाबाद का नाम प्रयागराज रखा, तब भी शिवसेना और क्रांति सेना के द्वारा मुख्यमंत्री से मांग करते हुए मांग पत्र सौंपा था। इस दौरान मुख्य रूप से मुकेश त्यागी, संजीव वर्मा, राजन वर्मा, आदित्य कश्यप, उज्वल पंडित, ललित रुहेला, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, बादल ठाकुर, विनीत वर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रोहित धीमान समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे।

# इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने मुजफ्फरनगर में घरेलू पीएनजी ग्राहकों के लिए स्पॉट बिलिंग सेवा का शुभारम्भ



मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बुस.)। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड एक प्रमुख प्राकृतिक गैस वितरण कंपनी, मुजफ्फरनगर में अपने घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस ग्राहकों के लिए स्पॉट बिलिंग सेवाओं के शुभारंभ की घोषणा करती है। यह अग्रणी पहल निर्बाध, पारदर्शी और कुशल बिलिंग समाधानों के माध्यम से ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए आईजीएल की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। नए शुरू किए गए स्पॉट बिलिंग तंत्र से ग्राहक मीटर रीडिंग के समय तुरंत अपने बिल प्राप्त कर सकते हैं, जिससे पारंपरिक बिल बनाने और वितरण से जुड़ी देरी खत्म हो जाती है। ग्राहक-केंद्रित सेवा वितरण के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, आईजीएल का लक्ष्य उपभोक्ताओं के लिए सटीकता और सुविधा सुनिश्चित करते हुए बिलिंग प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, आईजीएल के प्रबंध निदेशक कमल किशोर चेतिवाल ने कहा कि "हम तकनीकी उन्नति और ग्राहक-केंद्रित नवाचार के माध्यम से सेवा उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ हैं। मुजफ्फरनगर में स्पॉट बिलिंग का शुभारम्भ दक्षता, पारदर्शिता और उपभोक्ता सशक्तिकरण की हमारे प्रयास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मीटर रीडिंग पर ही वास्तविक समय पर बिल जनरेशन को सक्षम करके, हम न केवल परिचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहे हैं, बल्कि सटीकता और तात्कालिकता सुनिश्चित करके ग्राहकों का विश्वास भी बढ़ा रहे हैं। यह पहल शहर के गैस वितरण क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते हुए हमारे उपभोक्ताओं के लिए एक निर्बाध, विश्व स्तरीय अनुभव को बढ़ावा देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।" इस उपलब्धि पर आईजीएल के वाणिज्यिक निदेशक, मोहित भाटिया ने निरंतर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा पर जोर देते हुए कहा कि "आईजीएल के परिचालन सिद्धांतों के मूल में ग्राहक संतुष्टि पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना निहित है। स्पॉट बिलिंग की शुरूआत हमारे उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने और उनकी सेवा करने के तरीके में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे संभावित विसंगतियों को दूर किया जा सकता है और बिलिंग पारदर्शिता को बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा आईजीएल के ग्राहक स्वयं-मीटर रीडिंग के माध्यम से बिल बनाने के लिए कंपनी के समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन का भी लाभ उठा सकते हैं, जो लचीलेपन और नियंत्रण की एक अतिरिक्त परत प्रदान करता है।



## ब्राह्मण विद्वत परिषद की बैठक में उठा मंहगाई का मुद्दा

मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। भारतीय ब्राह्मण विद्वत परिषद की एक बैठक रामलीला टिल्ला मंदिर पर पं. ध्यानचंद्र कुश की अध्यक्षता व सुनील अंगिरा के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले पंडितों, पुजारी एवं समाज में स्वतंत्र रूप से कर्मकांड और ज्योतिष आदि कार्य करने वालों पर उनकी जीवन शैली पर विचार किया गया। मंहगाई के इस दौर में कम दक्षिणा में जीवन यापन के साथ मंदिरों में पूजा करने वाले पंडितों को वेतन के रूप हजार दो से पांच हजार तक दिए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की। बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने मंहगाई के दौर में 25 हजार में भी घर परिवार चलाना मुश्किल होने का मुद्दा उठाते हुए पुरोहितों व पंडितों के सामने आने वाली दिक्कतों को प्रमुखता से उठाते हुए बच्चों के जीवन पड़ रहे प्रभाव की चर्चा करने के साथ शादी विवाह आदि में फिजूल खर्ची में लाखों खर्च करने के बाद दक्षिणा के लिए होने वाले दुर्व्यवहार और व्यक्ति के गरीब हो जाने का मुद्दा उठाते हुए बड़ा घातक बताया। बैठक में योगी सरकार द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने का जिक्र करते हुए पुजारियों को सरकार की ओर से सहयोग राशि दिलाए जाने की मांग की, ताकि पुरोहित व ब्राह्मण परिवार आराम से अपने बच्चों की परवरिश कर सकें। बैठक में रोहित कौशिक, अमित तिवारी, अंकुर शर्मा, अमित वत्स, आदर्श शर्मा, योगेश शर्मा, मथुरेश प्रसाद, राजकुमार, विजय शुक्ल, शिवकुमार शुक्ल, प्रह्लाद शर्मा, कनिष्क शास्त्री,

## शामली में होने वाली पंचायत को लेकर भाकियू ने भरी हुंकार



सिसौली/मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। गुरूवार को किसान भवन सिसौली के चौधरी देवी लाल पुस्तकालय में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें चौ. गौरव टिकैत ने भाज्जू कट मुद्दे पर विचार रखते हुए इसके मिलने से सिसौली क्षेत्र की जनता को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से समझाया। किसान भवन में संपन्न भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के नेता चौ. गौरव टिकैत ने कहा कि आगामी 07 मार्च को भाज्जू कट से शामली कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च होने जा रहा है। इस मार्च में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस बीच सभी भाकियू कार्यकर्ता इस पैदल मार्च के लिए तैयारी कर लें। पैदल मार्च भाज्जू कट से 10 बजे शुरू होकर ग्राम आदमपुर, कुड़ाना और सहटा से बाईपास होते हुए शामली के कलेक्ट्रेट प्रांगण में पहुंचेंगे, जहां पर पंचायत होगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में चौधरी गौरव टिकैत ने कहा कि किसान सम्मान की खातिर अधिक से अधिक किसान अपने वाहनों के साथ इस पैदल मार्च में भाग लें। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र बालियान और संचालन राहुल बालियान ने किया। बैठक में किसान चिंतक कमल मित्तल, कार्यालय प्रभारी गौरव बालियान, जिला सचिव अमित कुमार, पिंटू कुमार, दीपक, विकास खरड़, बिट्टू, गजे सिंह आदि शामिल रहे।

# शाहपुर के पुण्येश जैन ने रच दिया इतिहास, सीए इंटरमीडिएट में 48वीं रैंक हासिल की

## - छात्र की कामयाबी पर परिवार समेत पूरे शाहपुर में खुशी का माहौल, मिठाइयां बांटी



शाहपुर, 06 मार्च (बु.)। कस्बे के मौहल्ला महाजनान निवासी छात्र पुण्येश जैन ने सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा में 48वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। नगर के गणमान्य लोगों ने जैन की सफलता पर उसे बधाई दी है। उनकी कामयाबी से परिवार गदगद है। कस्बे के मौहल्ला महाजनान निवासी युवा समाजसेवी अमित जैन के पुत्र पुण्येश जैन ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट के तत्वावधान में आयोजित जनवरी 2025 में ऑल इंडिया स्तर की सीए इंटरमीडिएट की ग्रुप फर्स्ट व ग्रुप सैकिंड की परीक्षा दी थी, जिसका परीक्षाफल चार मार्च को घोषित किया गया। छात्र के पिता ने बताया कि घोषित परीक्षा परिणाम में उनके पुत्र ने 600 में से 449 अंक प्राप्त कर 48वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की है। छात्र पुण्येश जैन ने बताया कि अब वह दो वर्ष की आर्टिकल शिफ्ट ट्रेनिंग करेगा। इसके बाद वह सीए फाइनल की परीक्षा देगा। छात्र ने बताया कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई की जाए, तो सफलता निश्चित मिलती है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अन्य परिजनों के अलावा गुरुजनों को दिया है। छात्र की इंटरमीडिएट सीए की परीक्षा में 48वीं रैंक प्राप्त करने पर परिवार, समाज के लोगों के अलावा कस्बावासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, पूर्वभाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, संघ नेता मणिकांत मित्तल, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम लाल बच्ची सैनी,भाजपा नेता उमेश मित्तल, प्रमुख समाज सेवी अरविंद पाल, जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन, मदन जैन, सभासद विशाल गर्ग, सभासद सोनू सैनी, सभासद मनोज सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन संगल, प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह चौहान, समाज सेवी विनोद कुमार आरा मशीन वाले, स्काईलैंड स्कूल के प्रबंधक राहुल गोयल, ग्रोविल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अमित जैन, ललित जैन, उमंग जैन, आगम जैन, पुनीत जैन आदि ने पुण्येश जैन की सफलता पर हर्षवक्त किया है। इस अवसर पर छात्र के परिजनों द्वारा मिठाईयां बांटकर हर्ष व्यक्त किया गया।

# बोध गया मंदिर अधिनियम लागू करने की मांग, सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। बिहार के गया महाबोधि मंदिर में पूर्ण प्रबंधन का अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर देश भर में विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। गुरूवार को मुजफ्फरनगर में इस मुद्दे को लेकर कुछ बौध भिक्षु कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए इस ज्वलंत समस्या के निदान कराए जाने की मांग की। अपने हाथों में भगवान बुद्ध और डॉ. अम्बेडकर की तस्वीरों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे इन लोगों ने बौध धर्म से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों यथा बोद्ध गया, राजगीर, नालंदा के सौंदर्यकरण, पटना में बुद्ध स्मृति पार्क, बोध में महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र जैसे स्थलों के निर्माण आदि की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही बौद्ध गया टेंपल एक्ट 1949 खत्म किए जाने के साथ इन मंदिरों के सभी मेम्बर बौद्ध हों आदि की मांग की। भारतीय बौद्ध महासभा के बैनर तले गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे पदाधिकारियों व सदस्यों ने किरण पाल बौद्ध व इंजी. बाबू सिंह बौद्ध के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में बिहार के बोधगया मंदिर अधिनियम-1949 निरस्त करने की मांग की, साथ ही गया में महाबोधि मंदिर का नियंत्रण बौद्धों को सौंपने की मांग को लेकर जनपद मुजफ्फरनगर में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान सुरेन्द्र कुमार, जयप्रकाश, चतर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं सौरभ गांगुली, इस वेब सीरीज में आ सकते हैं नजर...



नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाई दे सकते हैं। खबर है कि वह जल्द ही फिल्म निमार्ता नीरज पांडे की वेब सीरीज ह्याखाकीः द बंगाल चैप्टर में एक कैमियो रोल नजर आ सकते हैं। दरअसल, सौरव गांगुली की पुलिस की वर्दी में एक तस्वीर सामने आई है। सामने आए फोटो में सौरव गांगुली एक कुर्सी पर बैठे हुए हैं और मुस्कुरा रहे हैं। काफी समय से उनकी बायोपिक को लेकर खबरें आ रही हैं। सौरव गांगुली के वायरल फोटो पर लोग रिएक्ट भी कर रहे हैं। कुछ लोगों का ऐसा मानना है कि सौरव गांगुली खाकी-2 का हिस्सा हो सकते हैं। नेटफ्लिक्स के इस शो का नया सीजन राजनीति, अंतर-गिरोह प्रतिद्वंद्विता और पुलिस प्रणाली की एक स्तरीय कहानी है। एक लॉन्च इवेंट में बोलते हुए शो के निमार्ता नीरज पांडे ने बताया कि खाकी की दुनिया हमेशा से ही बड़े-से-बड़े संघर्षों, उच्च-दांव वाले नाटक और सूक्ष्म पात्रों के बारे में रही है, जो अच्छे और बुरे के बीच की रेखाओं को फिर से परिभाषित करते हैं। खाकीः द बंगाल चैप्टर के साथ, हम इस तीव्रता को एक नए स्तर पर ले जाते हैं।

## चोर ने लाइसेंसी रिवाल्वर व 30 हजार चुराये

मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में महावीर चौक पर एक चोर ने मकान में घुसकर लाइसेंसी रिवाल्वर व 30 हजार की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। महावीर चौक निवासी सतीश मलिक बुधवार रात अपने परिवार के साथ मकान में सोए हुए थे। रात्रि में एक चोर दीवार फांदकर मकान में घुस गया। चोर ने दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखा लाइसेंसी रिवाल्वर व 30 हजार की नगदी चोरी कर ली। सुबह परिवार के लोगों को चोरी की जानकारी हुई। मामले की सूचना थाना सिविल लाइन पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया, तो चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद मिला। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरु कर दी है।

## सपा के अंदर घुस गई औरंगजेब की आत्माः केशव प्रसाद मौर्य



नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी)। महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के द्वारा औरंगजेब पर दिए गए बयान के बाद देश में सियासत गर्म होती जा रही है। वढ के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। केशव प्रसाद ने कहा, सपा के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है, अखिलेश यादव को माफी मांगकर अबू आजमी पर कार्रवाई करनी चाहिए। बता दें कि उन्होंने आगे कहा कि देश शिव जी का अपमान किसी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेगा। महाराष्ट्र और वढ के लोग इसका जवाब देंगे। देश विरोधी जितनी भी ताकतें हैं वो इन्हीं के संरक्षण में पुष्पित पल्लवित होती हैं, इनपर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। मुगल आक्रांताओं ने देश की संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने का काम किया लेकिन भारतीय संस्कृति ने दुनिया को रास्ता दिखाने का काम किया है।अबू आजमी के औरंगजेब को महिमामंडित करने वाले बयान पर हंगामे के बाद महाराष्ट्र विधानसभा दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। एसपी नेता अबू आसिम आजमी ने कहा था कि औरंगजेब क्रूर और असहिष्णु शासक नहीं थे बल्कि उन्होंने कई मंदिरें भी बनवाई थी। औरंगजेब के बारे में गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने अगर मंदिर तोड़े तो की मस्जिदें भी तोड़ी थी, इसमें हिंदू-मुस्लिम करने की कोई जरूरत नहीं है। महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर एनडीए नेताओं द्वारा अबू आजमी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

## निजी बस और लॉरी के बीच टक्कर, हादसे में तीन की मौत

अमरावती, 06 मार्च (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एलुरु ग्रामीण पुलिस के मुताबिक, यहां एलुरु के चोडिमेलु गांव के पास एक निजी बस और लॉरी के बीच टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। बस हैदराबाद से काकीनाडा जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हैदराबाद से आ रही रमना ट्रैवल्स की निजी बस ने सुबह करीब 5 बजे चोडिमेला गांव में लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। घायलों में से तीन से चार गंभीर रूप से घायल हैं। बस चालक की हालत भी गंभीर है। बस लॉरी से टकराने के बाद बीच सड़क पर पलट गई, जिससे दुर्घटनास्थल पर तड़के मलबा बिखर गया। टक्कर के कारण बस के आगे के हिस्से के धातु के हिस्से लॉरी के पिछले हिस्से में फंस गए। घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एलुरु जिला कलेक्टर के वेत्री सेल्वी ने घायल यात्रियों से मुलाकात की। इस बीच पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस बीच पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अलग-अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे उस समय हुई जब गजोल के हियाघर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-512 पर एक तेज रफ्तार वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया।

## करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत

मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। हाइटेंशन करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत हो गयी। किसान ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए नईमंडी थाने में तहरीर दी है। गांव पचेंडा निवासी किसान सोह सिंह अपने भैंसों को चराने के लिए जंगल में ले जा रहा था। रास्ते में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गयी। किसान ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए बिजली विभाग के कर्मचारियों केखिलाफ थाने पर तहरीर दी है।

# 'ट्रंप प्रशासन की बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ने की नीति भारत के अनुकूल', टैरिफ के मुद्दे पर क्या बोले जयशंकर

लंदन, 06 मार्च (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी सरकार बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रहा है, जो भारत के हितों के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते की आवश्यकता है। जयशंकर बुधवार शाम चैथम हाउस थिंक टैंक में 'भारत का उदय और दुनिया में भूमिका' विषय पर आयोजित सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रिक्स के सदस्य देशों की दिशा और चीन के साथ संबंधों जैसे प्रमुख विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हम उन कुछ देशों में से एक हैं, जो विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से मॉस्को और कीव से बात कर रहे हैं। जहां भी भारत कुछ कर सकता है, हम हमेशा खुले विचारों वाले रहे हैं। हमारी स्थायी स्थिति यह रही है कि उन्हें सीधे बातचीत करनी चाहिए। जयशंकर से नए अमेरिकी प्रशासन के पहले कुछ हफ्तों और विशेष रूप से ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, हम एक राष्ट्रपति और एक ऐसे प्रशासन को देख रहे हैं,जो हमारी भाषा में बहुपक्षीयता की ओर बढ़ रहा है और यह भारत के अनुकूल है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के दृष्टिकोण से हमारे पास एक बड़ा साझा उद्यम क्वाड है, जहां हर कोई अपनी उचित हिस्सेदारी का भुगतान करता है। इसमें कोई मुफ्त सवारी नहीं है। यह एक अच्छा मॉडल है जो काम करता है। क्वाड में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। टैरिफ के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अभी वॉशिंगटन में हैं। पिछले महीने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात हुई थी। उन्होंने कहा, हमने इस पर (टैरिफ) खुली बातचीत की है और उस बातचीत का परिणाम यह है कि हमने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की आवश्यकता पर सहमति जताई है। चैथम हाउस के निदेशक ब्रॉनवेन मैडॉक्स के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को लेकर कहा कि वह (एफटीए) पर मंत्री स्तरीय चचाओं को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा, यह एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। इसलिए जटिलता को देखते हुए यह स्वाभाविक है कि इसमें समय लगेगा। प्रधानमंत्री (कीर स्टार्मर), विदेश मंत्री डेविड लैमी और व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ मेरी चचाओं से मुझे एक संदेश मिला कि ब्रिटेन भी आगे बढ़ना चाहता है। मेरे पास संबंधित सहयोगियों की ओर से कुछ बिंदु थे। इसलिए मैं आशावादी हूं और उम्मीद करता हूं कि इसमें अधिक समय नहीं लगेगा।

# इस्रायल से भी मजबूत सुरक्षा कवच बनाएगा अमेरिका

वॉशिंगटन, 06 मार्च (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में अमेरिकी संसद में दिए अपने भाषण में इस्राइल के आयरन डोम सुरक्षा कवच की तर्ज पर ही अपने देश में एक गोल्डन डोम बनाने का प्रस्ताव रखा है। ट्रंप ने संसद से कहा कि वह अमेरिका की रक्षा के लिए कांग्रेस से एक बेहतरीन डिफेंस शील्ड के लिए फंड की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस खतरनाक दुनिया में अमेरिका के पास अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा कवच जरूर होना चाहिए। ट्रंप ने कहा, "रोनाल्ड रीगन (1981 से 1989 तक अमेरिकी राष्ट्रपति रहे) इसे बहुत पहले कर लेना चाहते थे। लेकिन तब ऐसी तकनीक नहीं थी। यहां तक कि इसके आसपास की तकनीक भी मौजूद नहीं थी। लेकिन अब हमारे पास तकनीक है। यह असल में बहुत शानदार है। और कुछ जगहों पर तो अब ये है भी। इस्राइल के पास भी है। कुछ और देशों में भी यह सुरक्षा है।" ऐसा नहीं है कि अमेरिका के पास अब तक किसी भी तरह के हमले के लिए कोई रक्षा कवच नहीं है। अमेरिका ने अपने आसपास पूर्वी तट और अटलांटिक महासागर में किसी खतरे से निपटने के लिए यूएस फ्लीट फोर्स कमान की तैनाती की है। वहीं, जमीनी क्षेत्रों में अमेरिका ने दूसरे देशों से लगती अपनी सीमाओं ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में अलग-अलग जगहों पर सैन्य, नौसैन्य और वायुसेना के लिए बेस कैंप भी बनाए हैं। इससे अमेरिकी सेना पूरी दुनिया में किसी भी क्षेत्र में कुछ घंटों के अंदर ही हमले करने और किसी खतरे से खुद का बचाव करने में सक्षम है। हालांकि, यह टुकड़ियां पूरा हवाई क्षेत्र कवर नहीं करतीं।

यानी कई ऐसे क्षेत्र भी हैं, जो कि अमेरिकी सेना, वायुसेना और नौसेना के लिए ब्लाइंड स्पॉट हैं। ऐसे में दुश्मन इन क्षेत्रों की पहचान कर के या आसानी से रडार की पकड़ में न आने वाले हथियारों के जरिए उसे निशाना बना सकता है। अमेरिका के पास फिलहाल ऐसी कोई सुरक्षा प्रणाली नहीं है, जिसके जरिए वह आधुनिक समय की हाइपरसोनिक मिसाइलों, ड्रोन हमलों की बाढ़ का सामना कर सके। अमेरिका के पास फिलहाल हवाई हमलों से रक्षा के लिए कुछ मिसाइल डिफेंस सिस्टम जरूर हैं। इनमें पेट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम, नाइकी हरक्यूलीज सिस्टम और टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम प्रमुख हैं। इसके अलावा अमेरिका ने कुछ बैलिस्टिक मिसाइलों को भी अपनी सुरक्षा के लिए देश और बाहर समुद्री क्षेत्रों में तैनात किया है। हालांकि, यह पूरी व्यवस्था अब तक काफी बिखरी हुई मानी जाती है।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी क्षमता होने के बावजूद अगर अमेरिका पर हमलों की बाढ़ आती है तो यह सुरक्षा प्रणाली टूट सकती है। ऐसे में अमेरिका को सुरक्षा कवच के तौर पर एक केंद्रीकृत प्रणाली की जरूरत है।

# ई-लॉटरी से 303 दुकानों की आबकारी विभाग में हुई धनवर्षा

- सिर्फ आवेदन पत्रों की बिक्री से ही बीस करोड़ की कमाई
- मंडलायुक्त की मौजूदगी में संपन्न हुआ दुकानों का आवंटन
- जिले में 303 दुकानों के लिए प्राप्त हुए थे 3799 आवेदन






**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** आबकारी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में देशी-विदेशी मदिरा के साथ भांग और कम्पोजिट दुकानों को आवंटित कराने में सफलता अर्जित करते हुए आवेदन पत्रों की बिक्री से ही करीब 20 करोड़ रुपये की कमाई कर ली। वहीं पहली बार जनपद में कंपोजिट दुकानों को आवंटित किया गया। ई-लॉटरी के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था के बीच इन दुकानों के आवंटन के दौरान मंडलायुक्त बतौर नोडल अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से पूर्व ही इन दुकानों के ठेकेदारों को आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी आबकारी विभाग को दिए। जनपद में स्थित सभी 303 दुकानों का आवंटन करने में विभाग सफल रहा और इनके लिए ई-लॉटरी को पोर्टल पर विभाग को 3799 लोगों ने आवेदन कर दावेदारी जताई थी। सरकार की नई आबकारी नीति के तहत गुरूवार को पुलिस लाइन परिसर में जिले में संचालित 303 दुकानों का व्यवस्थापन किए जाने के उद्देश्य से ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। इसके लिए विभाग ने पूर्व में आवेदन मांगे थे। पुलिस लाइन परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में गेट पर चैकिंग के बाद आवेदकों को ई-लॉटरी क्षेत्र में प्रवेश दिया गया। आवेदकों की हाजिरी के बाद श्रेणीवार दुकानों के लिए ई लॉटरी निकालने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न होने पर मीडिया को चर्चा करते हुए सहारनपुर मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर में शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी स्तर पर 303 दुकानों के व्यवस्थापन के लिए ई-लॉटरी संपन्न कराई गई।

**इन्होंने कहा-**आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि जिला मुजफ्फरनगर में 303 दुकानों के व्यवस्थापन के लिए ई-लॉटरी संपन्न कराई गई। इसमें जिले की देशी शराब की 171, कम्पोजिट शॉप की 120, मॉडल शॉप्स की 10 एवं भांग की 02 दुकानों की ई-लाटरी प्रकिया रिजर्व पुलिस लाईन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में नोडल अधिकारी मण्डलायुक्त अटल कुमार राय, जिला स्तरीय समिति के सदस्य डीएम उमेश मिश्रा, डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह की मौजूदगी में पूर्ण की गई। ई-लॉटरी स्थल पर बडी स्क्रीन से आवेदकों को ई-लॉटरी की पूर्ण प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से दिखाया गया। ई-लॉटरी हॉल में लगभग 1000 आवेदक व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। देशी शराब की 171 दुकानों पर 2292, कंपोजिट शॉप की 120 दुकानों पर 1408, मॉडल शॉप की 10 दुकानों पर 94 एवं भांग की 02 दुकानों पर 05 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें कुल 1876 आवेदक है। ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों से सरकार को 19 करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए का सरकारी राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि बुढ़ाना और शाहपुर में दो भांग दुकानों की भी ई-लॉटरी कराई गई, जिसमें आबकारी विभाग को 19 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इस दौरान एडीएम ई. नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसपी क्राइम प्रशान्त कुमार प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप सहित पुलिस, प्रशासन, आबकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## खालिस्तानी समर्थकों ने लंदन में विदेश मंत्री जयशंकर की गाड़ी को घेरा

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी)।** भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के 6 दिनों के दौरे पर गए हैं। इस बीच उन्होंने लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में हो रहे एक खास कार्यक्रम में भाग




लिया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब जयशंकर वापस जाने के लिए अपनी गाड़ी की ओर गए, तभी बाहर सड़क पर खड़े खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने उन्हें देखते ही नारे लगाना शुरू कर दिए। इसके अलावा उनमें से एक शख्स भागकर विदेश मंत्री की गाड़ी का रास्ता रोकने का प्रयास भी करता नजर है। जानकारी के मुताबिक, जयशंकर ने इस दौरे की शुरूआत लंदन से की। सबसे पहले यहां उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और विदेश मंत्री डेविड लैमी से मुलाकात की। जिसके बाद वे लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में आयोजित ह्भारत का उदय और विश्व में भारत की भूमिकाह्व थीम पर रखे एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रेसिप्रोकेल टैरिफ और कश्मीर आदि जैसे कई मुद्दों पर बात की। चैथम हाउस थिंक टैंक में आयोजित कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद जब वह बिल्डिंग से बाहर आते हैं, तो बाहर कई खालिस्तानी समर्थक प्रदर्शनकारी खालिस्तान का झंडा हाथों में लिए खड़े दिखते हैं। उनकी नजर जैसे ही जयशंकर पर पड़ती है, वे नारेबाजी करना शुरू कर देते हैं। साथ ही उनमें से एक प्रदर्शनकारी भागकर उनके पास जाकर उनकी कार का रास्ता रोकने की कोशिश करता है। जिसके बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी जल्दी से उसे वहां से निकाल देते हैं और हालात को काबू में करते हैं। बताया जा रहा है कि जयशंकर अभी लंदन में मौजूद हैं।

## गौतमबुद्धनगर में अचानक लगी भीषण आग, पचास झुग्गियां जलकर हुई राख

**ग्रेटर नोएडा, 06 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के नोएडा शहर में भीषण आग लग गई। आग लगने से हड़कंप बच गया। आपको बता दें कि इसमें 50 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां पहुंची और



कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि अभी भी आग बुझाने का काम किया जा रहा है। इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना अभी तक नहीं मिली है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने लोकल 18 से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि देर रात को बहलोलपुर गांव में जोगी बस्ती में आग लगने की सूचना मिली थी। शुरूआत में दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था लेकिन वहां आकर भयंकर रूप लेने की वजह से सात और गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने के साथ-साथ लोगों को झुग्गियों से बाहर निकाला। आग लगने से 50 से अधिक झुग्गियां जलकर पूरी तरह से राख हो गई हैं। 50 से 100 झुग्गियों को बचा लिया गया है। आग लगने के बाद लगातार कई सिलेंडर के फटने के आवाज आई। इससे आग ने भयंकर रूप ले लिया। इसकी वजह से धुआं और आग की तेज लपटें निकलने लगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने आगे बताया कि देर रात तक आग बुझाने का काम जारी रहा। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना हमें नहीं मिली है। यहां से लगभग सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

## यूएई में दो भारतीयों को हत्या के आरोप में दी गई फांसी की सजा

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दो भारतीयों को फांसी की सजा दी गई है। दोनों भारत के केरल के निवासी थे और हत्याओं के मामले में जेल में बंद थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। विदेश मंत्रालय ने दोनों की पहचान मोहम्मद रिनाश और मुरलीधरन वलप्पिल के रूप में की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात की सर्वोच्च अदालत ने भी दोनों की फांसी की सजा पर मुहर लगाई थी, जिसके बाद दोनों को फांसी दे दी गई। मोहम्मद रिनाश को अमीरात के एक व्यक्ति की हत्या का दोषी पाया गया था। वहीं मुरलीधरन को एक भारतीय की हत्या का दोषी पाया गया था। संयुक्त अरब अमीरात की सरकार ने 28 फरवरी को दोनों के बारे में भारतीय दूतावास को जानकारी दे दी थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दूतावास की तरफ से दोनों को सभी जरूरी कानूनी मदद दी गई थी। जिसमें दया याचिका भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि बीते महीने ही 33 वर्षीय भारतीय महिला शहजादी खान को भी संयुक्त अरब अमीरात में मौत की सजा दी गई थी। उत्तर प्रदेश की निवासी शहजादी पर चार माह के बच्चे को कथित तौर पर मारने का दोष साबित हुआ था। शहजादी बच्चे की देखभाल का काम करती थी, लेकिन रुटीन वैक्सीनेशन के बाद बच्चे की मौत हो गई और उसका आरोप शहजादी पर लगाया गया।

## दिल्ली के मादीपुर से दो बांग्लादेशी पकड़े

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी)।** दिल्ली के मादीपुर में छिपने के लिए नए ठिकाने की तलाश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने पकड़ा है। दोनो को निर्वासित कर दिया गया है। दोनों वर्क वीजा पर भारत आए थे और वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में चोरी छिपे रह रहे थे। पकड़े गए बांग्लादेशियों की पहचान सजल मियां और मोहम्मद अली के रूप में हुई है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि पुलिस अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान बुधवार को पंजाबी बाग थाना पुलिस को दो संदिग्धों के बारे में जानकारी मिली। सूचना पर मादीपुर चौकी पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों बांग्लादेशी नागरिक हैं। वह फिलहाल मदनपुर खादर इलाके में रहते हैं और खुद को छिपाने के लिए वह इस इलाके में ठिकाने की तलाश में आए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छानबीन करने पर पता चला कि पिछले साल सितंबर और दिसंबर माह में दोनों तीन माह के वर्क वीजा पर भारत आए थे। काफी तलाश के बावजूद इन्हें कोई काम नहीं मिला। इस दौरान इनकी वीजा अवधि खत्म हो गई। आरोपियों ने बताया कि खुद को छिपाने के लिए वह नए ठिकाने की तलाश में पश्चिमी दिल्ली आए थे। पुलिस ने दोनों नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को पुलिस ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में पेश किया। जहां से दोनों को निर्वासित करने का आदेश दिया गया। पुलिस ने दोनों को निर्वासित करने की प्रक्रिया के लिए हिरासत केंद्र में भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिम जिला पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश के लिए चलाए गए अभियान के तहत छह हजार लोगों का सत्यापन कर चुकी है। जिसमें अब तक पुलिस ने 12 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें निर्वासित कर चुकी है।

## डल्लेवाल की सेहत फिर बिगड़ी, पैरों में आई सूजन, नहीं पी रहे पानी

**पटियाला, 06 मार्च (एजेंसी)।** खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत फिर बिगड़ गई है। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ व काका सिंह कोटड़ा के मुताबिक पिछले दो दिनों से डल्लेवाल के पैरों में काफी सूजन आ रही है। वह पानी भी नहीं ले पा रहे हैं, जबकि आमरण अनशन के चलते डल्लेवाल ने खाना पहले ही छोड़ रखा है। ऐसे में अब डल्लेवाल के शरीर से पेशाब के जरिये पानी बाहर ज्यादा जा रहा है। ड्रिप के माध्यम से उनकी मेडिकल सहायता भी बंद हो गई है। हालांकि वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। वीरवार को डल्लेवाल का आमरण अनशन 101वें दिन में प्रवेश कर गया। खराब सेहत के बावजूद आज डल्लेवाल ने वीडियो संदेश जारी कर के देश के उन सभी किसानों का धन्यवाद किया जो बुधवार को उनके आमरण अनशन के 100 दिन पूरे होने पर एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल में शामिल हुए। अपने वीडियो संदेश में डल्लेवाल ने पंजाब सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान केंद्र सरकार की तर्ज पर काम कर रहे हैं। जिस तरह से केंद्र की ओर से किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए बॉर्डरों पर रोका गया और उन पर जुल्म ढहाए गए। इसी तरह से मान सरकार ने किसानों को चंडीगढ़ पहुंचने से रोकने के लिए उनकी गिरफ्तारियां कीं और पूरे पंजाब को खुली जेल में तबदील कर दिया। यह सरासर गलत रवैया है, जिसकी वह कड़ी निंदा करते हैं। डल्लेवाल ने मांग की कि एसकेएम के किसानों की मांगों का मान सरकार की ओर से गंभीरता के साथ हल किया जाना चाहिए।

# नगर के व्यक्ति की मेरठ हादसे में दर्दनाक मौत

### सफाई के दौरान बुलडोजर की चपेट में आई ई-रिक्शा

**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** मुजफ्फरनगर शहर के मौ. रामलीला टिल्ला निवासी धर्मपाल प्रजापति (62) की मेरठ में रेलवे रोड पर हादसे में मौत हो गई। उक्त व्यक्ति की मेरठ रेलवे रोड पर स्थित बोर्ड के बुलडोजर द्वारा साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान बुलडोजर के पंजे के नीचे एक ई-रिक्शा दब गई, जिससे ई-रिक्शा में उस वक्त सवार व्यक्ति एवं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास खड़े लोगों ने बुलडोजर का पंजा उठवाकर उसके नीचे दबे ई-रिक्शा चालक व सवारी को बामुश्किल बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को मेरठ प्यारेलाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में घायल ई-रिक्शा में सवार रामपुरी निवासी धर्मपाल के फेफड़े फट जाने के कारण डाक्टरों ने मेरठ मेडिकल के लिए उसे रैफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे में घायल धर्मपाल प्रजापति की मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस की लचर कार्यशैली के चलते घटना को तीन दिन बीत जाने के बाद भी बुलडोजर चालक का सुराग अभी तक नहीं लगा सकी। घायल धर्मपाल मेरठ मेडिकल कॉलेज से अपनी पत्नी महेन्द्री की दवाई लेने के बाद मुजफ्फरनगर वापस आने के लिए मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन पर ई-रिक्शा में सवार होकर जा रहे थे, जैसे ही ई-रिक्शा रेलवे रोड पर छावनी क्षेत्र में कैंट बोर्ड का बुलडोजर सड़क पर सफाई कर रहा था। इस दौरान बुलडोजर पीछे हटाते समय ई-रिक्शा बुलडोजर के पंजे के नीचे दब गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने शोर मचाकर बुलडोजर का पंजा ऊपर उठवाकर ई-रिक्शा चालक लक्खीपुरा निवासी इकरामुद्दीन व मुजफ्फरनगर के मौ. रामलीला टिल्ला निवासी धर्मपाल को निकालकर प्यारेलाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। धर्मपाल की हालत गंभीर होने के कारण मेरठ मेडिकल रैफर कर दिया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।



### होली दहन के लिए रखी गयी लकड़ी में अराजकतत्वों ने लगाई आग

**चरथावल, 06 मार्च (बु.)।** गांव निरधना एक स्थान पर होलिका दहन के लिए इकट्ठा की गई लकड़ी, उपले आदि को अराजक तत्वों ने जला दिया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। बुधवार रात को गांव में नियत जगह पर लकड़ियां एकत्रित की गई। मुस्लिम बाहुल्य गांव में किसी व्यक्ति ने रात में आग लगा दी। सूचना पर पुलिस ने घंटों बाद पहुंचकर छानबीन की।

### घर में घुसकर 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति पर हमला

**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** जिले के सिखेड़ा थाना क्षेत्र के बिहारी-मंसूरपुर रोड पर एक अधेड़ व्यक्ति को उसके घर में घुसकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। इस दौरान हमलावरों ने उसे घर के अंदर ही नहीं, बल्कि बाहर सड़क पर घसीटकर भी बुरी तरह पीटा। घटना का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बच्चों और महिलाओं की चीख-पुकार सुनाई दे रही है, लेकिन आरोपी बिना किसी डर के लगातार मारपीट करते रहे। घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित की पहचान 55 वर्षीय मंगल सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसी मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने मंगल सिंह पर हमला कर दिया। पहले वे घर में घुसे और अधेड़ को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद उसे जबरदस्ती घर से बाहर खींचकर सड़क पर लाए और वहां भी लात-घूंसों और डंडों से हमला किया। इस दौरान परिवार की महिलाएं और बच्चे लगातार आरोपियों से छोड़ने की मिन्नतें करते रहे, लेकिन हमलावरों का दिल नहीं पसीजा। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पीड़ित खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन आरोपियों ने उसे चारों ओर से घेर रखा था।

## शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादले का आदेश जारी, 1 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ, 06 मार्च (एजेंसी)।** यूपी में बेसिक शिक्षकों के लिए बड़ी खबर है। विभाग ने उनके अंतर्जनपदीय तबादले का आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा शासन के आदेश पर समय सारिणी भी तय कर दी है। शिक्षकों के यह तबादले गर्मी की छुट्टियों में होंगे। उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षकों के एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले का आदेश जारी हो गया है। उनका तबादला गर्मी की छुट्टियों में होगा। एक अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। जबकि 15 मई को तबादला आदेश जारी होगा। इसके लिए इंतजार कर रहे शिक्षकों को तोहफे के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग ने तबादले के लिए समय सारणी जारी कर दी है। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक विद्यालयों के शिक्षकों को एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले को लेकर करीब दो माह पूर्व छह जनवरी को आदेश जारी कर दिए थे। साथ ही उनकी कार्यरत जिले में सेवा अवधि की बाध्यता भी समाप्त करते हुए राहत दी है। इससे पहले शासन ने जिले के अंदर परस्पर तबादले का आदेश जारी किया था। इसके साथ ही एक से दूसरे जिले में तबादले के इच्छुक शिक्षकों में भी उम्मीद जगी थी। जिसको देखते हुए सरकार ने दूसरे जिले में परस्पर तबादले का भी दिशा-निर्देश जारी किया। इसके अनुसार अभी तक परस्पर तबादले के लिए महिला शिक्षिकाओं को कम से कम दो साल व पुरुष शिक्षकों को कम से कम पांच साल संबंधित जिले में काम करना अनिवार्य होता था। इस बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब कोई भी शिक्षक परस्पर तबादले के लिए आवेदन कर सकेगा। एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादला ग्रामीण सेवा से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगर सेवा से नगर सेवा संवर्क में होगा। परस्पर तबादला स्कूल से स्कूल होगा। सहमति से जोड़ा (पेयर) बनाने वाले शिक्षकों को अनिवार्य रूप से कार्यमुक्त किया जाएगा। एक बार तबादला होने पर कोई भी शिक्षक अपना आवेदन वापस नहीं ले सकेगा। परस्पर तबादले के लिए सीडीओ की अध्यक्षता वाली समिति होगी। तबादले चार श्रेणियों में करने की व्यवस्था तय की गई है।

# तेज रफ़्तार कारों में जोरदार भिड़ंत, दो महिलाओं सहित चार घायल

**शामली, 06 मार्च (बु.)।** जनपद शामली में नवनिर्मित बाईपास चौराहों पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जहां अलसुबह तेज रफ्तार से आ रही दो कारों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसके बाद एक कार अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में रेड लाइट पर चढ़कर पलट गई। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने कार सवार घायल महिला-पुरुषों को बामुश्किल कर से बाहर निकाला और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल प्रभाव से अस्पताल में भर्ती करते हुए क्षतिग्रस्त कारों को सड़क किनारे करवाया। वहीं हादसे में घायल हुए महिला-पुरुषों का इलाज अस्पताल में जारी है। गुरुवार को दिल्ली निवासी महिला तृप्ति जैन कार में सवार होकर अपने ड्राइवर गौरव के साथ दिल्ली से सहारनपुर के लिए निकली थी। वहीं दूसरी और हरियाणा के रोहतक निवासी नवीन भी कार में सवार होकर अपने मित्र व अपनी मां के साथ रोहतक से हरिद्वार के लिए निकला था। बताया जाता है कि जैसे ही उक्त दोनों कार शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर पहुंची, तो दोनों कारों की रफ्तार अत्यधिक तेज होने के कारण दोनों कारों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो भिड़ंत इतनी जबरदस्ती थी कि भिड़ंत होने के बाद एक कार तो फिल्मी स्टाइल में रेड लाइट पर चढ़ते हुए पलट गई, जहां हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और वहां से गुजर रहे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल महिलाओं व पुरुषों को कारों से बाहर निकाल और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल प्रभाव से सभी घायलों को शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया और घायलों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है। वहीं चौराहे पर फिल्मी स्टाइल मे कार के पलटने का मामला दिनभर चर्चा का विषय बना रहा।




# मुस्लिमों का होली के रंग से धर्म भ्रष्ट होता है तो वह घर से न निकलें: सीओ अनुज चौधरी

### होली और जुमे की नमाज को लेकर संभल सीओ ने दिया बयान, कहा-माहौल बिगाड़ा तो होगी सख्ती

**संभल, 06 मार्च (एजेंसी)।** संभल के सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि जुमा वर्ष में 52 और होली एक बार आती है। यदि मुस्लिम समुदाय का होली के रंग से धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से न निकलें। अगर कोई रंग डाल दे तो बुरा न मानें। बड़ा दिल होना चाहिए। आगे यह भी कहा कि हिंदू समुदाय के लोगों को भी ख्याल रखना चाहिए कि वह उस व्यक्ति पर रंग न डालें जो बुरा मान सकता है।

बृहस्पतिवार को संभल कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सीओ ने कहा कि 14 मार्च को होली का पर्व है। इस दिन जुमे की नमाज भी होगी। जिस तरह से मुस्लिम पूरे वर्ष ईद का इंतजार करते हैं। वैसे ही हिंदू समुदाय के लोग होली के इंतजार में रहते हैं। इस दिन रंग लगाने के साथ ही गले मिलकर मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी जाती है। 24 नवंबर को हुए बवाल के बाद शहर अतिसंवेदनशील है। इसलिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारी लगातार पीस कमेटी की बैठक कर सभी से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की अपील कर रहे हैं। सीओ ने कहा कि यदि कोई माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



संभल हिंसा के उपद्रवियों की 14 जमानत अर्जियों पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश/रेप केसेस एंड पॉक्सो एक्ट के न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने 10 अर्जियों को खारिज कर दिया। वहीं आरोपी मुस्तफा हसन उर्फ राजू की चार जमानत अर्जियों में तारीख बढ़ाने का प्रार्थना पत्र आने पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 10 मार्च की तिथि नियत की। संभल कोतवाली की अपराध संख्या 337/24 में मो. आमिद, अंसार, सुभान उर्फ मुन्ना, सुजाउद्दीन उर्फ सज्जू, दिलनवाज, मुस्तफा हसन उर्फ राजू, याकूब, असद, अपराध संख्या 334/24 में मुस्तफा हसन उर्फ राजू व रेहान, अपराध संख्या 333/24 में मुस्तफा हसन उर्फ राजू, थाना नखासा में दर्ज अपराध संख्या 304/24 में मो. सूफियान, मो. निहाल अपराध संख्या 305/24 में मो. निहाल आदि की 14 जमानत अर्जियों पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने आरोपी मुस्तफा हसन उर्फ राजू की चार जमानत अर्जियों में तारीख बढ़ाने का प्रार्थना पत्र आने पर सुनवाई के लिए 10 मार्च की तिथि निर्धारित की। इसके अलावा अन्य 10 जमानत अर्जियां खारिज कर दीं।

## ऐसे समाज की जरूरत, जहां धर्म, जाति के आधार पर भेदभाव न हो: गडकरी

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले अपील करते हुए कहा है कि, हमें एक ऐसे समाज की आवश्यकता है, जहां किसी को भी उसकी जाति, धर्म या लिंग के आधार पर भेदभाव का सामना न करना पड़े। उन्होंने ये बयान 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर महिला सम्मान' समारोह में महिलाओं को सम्मानित करते हुए दिया है। यह पुरस्कार मुंबई में मौजूद कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट की तरफ से आयोजित किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'हमें एक ऐसा समाज बनाना चाहिए, जहां लोगों को जाति, लिंग, धर्म या सामाजिक स्थिति के आधार पर नहीं, बल्कि उनकी योग्यता और योगदान के आधार पर आंका जाए।' उन्होंने कहा कि अब दुनिया बदल चुकी है और महिलाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने में किसी प्रकार की सीमा महसूस नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अब 75 प्रतिशत शीर्ष प्रदर्शनकर्ता महिलाएं हैं, जो यह साबित करती हैं कि जहां योग्यता है, वहां महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। इस दौरान केंद्रीय शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने भी महिलाओं के सशक्तिकरण पर बात की और हरियाणा में इस दिशा में हुए विकास का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से हरियाणा में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। मनोहर लाल ने यह भी बताया कि उनके मुख्यमंत्री बनने के दौरान राज्य में महिलाओं के लिए 30 पुलिस स्टेशन बनाए गए थे, जो पूरी तरह से महिला अधिकारियों की तरफ से संचालित किए गए थे, ताकि महिलाएं अपनी समस्याओं को बिना किसी झिझक के रिपोर्ट कर सकें।



## मोदी-डोभाल से लेकर धीरेंद्र शास्त्री तक डॉ. कुमार विश्वास की बेटी की ग्रैंड वेडिंग में पहुंचीं देश की बड़ी हस्तियां....

**उदयपुर, 06 मार्च (एजेंसी)।** कवि कुमार विश्वास की बेटी अग्रता शर्मा की शादी उदयपुर में धूमधाम से हुई। 3 दिन के ग्रैंड फंक्शन में जाने-माने गायक और कलाकारों ने प्रस्तुति दी। ग्रैंड फंक्शन के पहले दिन सागर भाटिया, दूसरे दिन सोनू निगम ने करीब तीन घंटे तक अपने सुरों से समा बांधा। तीसरे दिन प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भी अपने गीतों से वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस ग्रैंड वेडिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के कई गणमान्य व्यक्ति आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। शादी के बाद 5 मार्च को दिल्ली के अशोका होटल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ। इसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी कैबिनेट सहित देश के तमाम दिग्गजों ने शिरकत की. कार्यक्रम में कई दलों के नेता मौजूद रहे। समारोह में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, यूपी बीजेपी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने भी शिरकत की। वधू को आशीर्वाद देने वालों में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे। इसके साथ ही दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। देश के एनएसए अजित डोभाल, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के कई जज भी शामिल हुए। प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, महामंडलेश्वर कैलाशानंद, साध्वी ऋतंभरा, कथावाचक पुंडरीक, रमेश भाई ओझा, आचार्य बालकृष्ण, आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण सहित अनेक धमार्चार्य और कथावाचक उपस्थित रहे। बॉलीवुड से आए कई गायकों ने अपनी प्रस्तुति भी दी। सिंगर बी प्राक, प्रिया मलिक, मालिनी अवस्थी, शादाब फरीदी और हनी सिंह ने अपने सुरों से चार चांद लगा दिए। इस भव्य आशीर्वाद समारोह में मीडिया, व्यापार और कला जगत से भी कई लोग उपस्थित रहे।





## लखनऊ में होली के दिन बदला जुमे की नमाज का समय, जामा मस्जिद ने जारी की एडवाइजरी

**लखनऊ, 06 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होली के दिन होने वाली जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। जामा मस्जिद ने इस बारे में एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया कि 14 मार्च को जुमे की नमाज का समय दोपहर 12:30 बजे से बदलकर दोपहर 2 बजे किया गया है। यह निर्णय हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल के तौर पर देखा जा रहा है। ताकि दोनों समुदायों के लोग अपने-अपने त्योहार बिना किसी परेशानी के मना सकें।

लखनऊ की जामा मस्जिद में सामान्यतः जुमे की नमाज दोपहर 12:30 बजे अदा की जाती है। लेकिन, होली के दिन त्योहार को ध्यान में रखते हुए दोपहर 2 बजे की जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य यह है कि न केवल जुमे की नमाज अदा करने वाले मुसलमानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, बल्कि होली के मौके पर हिंदू समुदाय के त्योहार में भी कोई विघ्न न आए। शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद ने यह भी सुझाव दिया कि चूंकि 14 मार्च को छुट्टी का दिन होगा। इसलिए मुसलमानों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी नजदीकी मस्जिदों में ही नमाज अदा कर लें। किसी भी प्रकार की यात्रा से बचें। ताकि, किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो। खालिद रशीद ने आगे कहा कि इस फैसले से न केवल मुसलमानों को नमाज अदा करने में कोई असुविधा होगी, बल्कि इससे हिंदू समुदाय के होली के त्योहार को भी बिना किसी विघ्न के मनाने में मदद मिलेगी। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने भी इस बात पर जोर दिया कि दोनों समुदायों के बीच भाई-चारे और सौहार्द का वातावरण बनाए रखना चाहिए। किसी भी प्रकार के विवाद से बचना चाहिए।

# दोस्तों ने ईंट से कूचकर किया दरोगा के बेटे का कत्ल

**गोरखपुर, 06 मार्च (एजेंसी)।** यूपी के देवरिया शहर के खरजरवा मोहल्ले में मंगलवार की शाम दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए निकले एक युवक की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। घटना को घर से 50 मीटर की दूरी पर अंजाम दिया गया। युवक के सिर पर गंभीर चोट आई थी।

घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। जानकारी होने पर एसपी विक्रांत वीर ने मौके का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। इसके बाद घटना में शामिल दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खरजरवा निवासी संदीप यादव उर्फ मटेलू (19) पुत्र छोटेलाल यादव इंटरमीडिएट का छात्र था। उसके पिता दरोगा हैं। उनकी तैनाती बस्ती में है। संदीप का पढ़ाई में मन कम लगता था और वह गलत सोहबत में पड़ गया। परिणामस्वरूप नशा का सेवन करने लगा। इसकी जानकारी होने पर पिता उसे अपने साथ बस्ती में रखे थे। संदीप बोर्ड की परीक्षा देने के लिए बस्ती से 23 फरवरी को घर आया था। मंगलवार की शाम करीब तीन बजे वह मां से दोस्त के जन्मदिन में जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। इस पर परिवार के सदस्य उसके मोबाइल पर फोन करने लगे। मोबाइल रिसीव न होने पर परिजन परेशान हो गए। इसी बीच एक युवक ने सूचना दी कि संदीप घायल अवस्था में पड़ा है। घर से निकले तो करीब 50 मीटर की दूरी पर खून से लथपथ पड़ा था। वहां केक और शराब व बीयर की बोतल पड़ी थी। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी पर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके सिर पर गंभीर चोट थी। ईंट से सिर को कूच कर हत्या की गई थी। घटनास्थल पर ईंट रखा हुआ था। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई, जबकि फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए। वहीं एसपी विक्रांत वीर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच तेज कर दी। उधर, युवक के मौत की खबर मिलने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पिता छोटेलाल यादव, भाई शिवशंकर यादव, अमन यादव, मां निर्जला देवी, बहन प्रीति का रो-रोकर बुरा हाल था।

## रायपुर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक और कार की टक्कर, पांच की मौत

**रायपुर, 06 मार्च (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाइवे 53 पर ट्रक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना उमरिया के मयूर कॉलेज के पास हुआ। यह घटना मंदिर हसौद थाने क्षेत्र की है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की सहायता से शवों को बाहर निकाला गया। इस भीषण सड़क हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। शव के क्षत-विक्षत होने से अभी तक मृतकों की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि कार के टायर फटने से यह घटना घटी। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाला। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टायर फटने पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोडकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। मौके पर रायपुर एएसपी ग्रामीण समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में लगी है। दुर्घटनाग्रस्त कार रायपुर की रजिस्टर्ड बताई जा रही है।

## भाजपा सरकार में आमजन को नहीं मिल पा रहीं बुनियादी सुविधाएं: मायावती

**लखनऊ, 06 मार्च (एजेंसी)।** यूपी की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यूपी को देश का ग्रोथ इंजन होने का दावा करते नहीं थकती है। लेकिन, आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद यहां लोगों को जो शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी जरूरतें पूरा नहीं हैं। उनकी जो दुर्दशा है वो किसी से छिपी नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि केंद्र की तरह उत्तर प्रदेश सरकार के पास भी धन की कमी नहीं है। लेकिन, इसका इस्तेमाल यहां के गरीब लोगों के हित, कल्याण और उनके जीवन सुधार में सही से नहीं हो रहा। यह काफी चिंताजनक बात है। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, "उत्तर प्रदेश में 4 बार मेरे नेतृत्व में रही सरकार ने सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति का ऐतिहासिक सुधार जमीन पर उतारकर दिखाया है...वैसे तो वर्तमान में चल रही उत्तर प्रदेश सरकार यूपी को देश का ग्रोथ इंजन होने का दावा करते हुए मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मेरे नेतृत्व में चार बार सरकार रही। हमने सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति का एतिहासिक सुधार जमीन पर उतारकर दिखाया। वर्तमान में चल रही भाजपा सरकार में लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

## रूस ने जेलेंस्की के गृहनगर में दागी बैलिस्टिक मिसाइल, चार की मौत

**कीव, 06 मार्च (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में बुधवार रात को एक होटल को निशाना बनाते हुए। मिसाइल से हमला किया, इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर हो रहे प्रयासों के बीच यह यह हमला हुआ है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे। उन्होंने हालांकि नहीं बताया कि ये लोग उन 31 घायलों में शामिल थे या नहीं। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्कंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है। अभी तक इन हमलों को लेकर रूस की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## अमेरिका ने अप्रवासियों को भेजने के लिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**वॉशिंगटन, 06 मार्च (एजेंसी)।** अमेरिका ने अवैध अप्रवासियों को भेजने के लिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अप्रवासियों को सैन्य विमानों से भेजने की महंगी लागत को देखते हुए यह कदम उठाया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ अप्रवासियों को उनके देश या क्यूबा के ग्वांतानामो बे स्थित सैन्य अड्डे तक पहुंचाने के लिए अमेरिकी सैन्य विमानों का उपयोग महंगा साबित हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि इसलिए आने वाले दिनों कोई उड़ान निर्धारित नहीं की गई है। अंतिम सैन्य निर्वासन उड़ान एक मार्च को हुई थी। उन्होंने कहा कि इस रोक को बढ़ाया जा सकता है या स्थायी किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी और ग्वाटेमाला के अधिकारियों ने जो आंकड़े मुहैया कराए हैं, उसके मुताबिक ग्वाटेमाला के लिए अमेरिकी सैन्य निर्वासन उड़ान की लागत प्रति अप्रवासी कम से कम 4675 डॉलर पड़ रही है। यह एक अमेरिकन एयरलाइंस के प्रथम श्रेणी के एकतरफा टिकट की कीमत 853 डॉलर का पांच गुना से अधिक है। साथ ही यह लागत अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) द्वारा संचालित वाणिज्यिक चार्टर उड़ान की लागत से भी काफी अधिक है।

## विधायक मिथलेश पाल की ओर से दी गयी हाजिरी माफी

**मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)।** वर्ष 2019 में धनगर जाति का प्रमाण पत्र बनाने को लेकर जीआईसी मैदान में भीड़ एकत्रित कर प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद विधायक मिथलेश पाल सहित उनके पति अमरनाथपाल, रमेश, दीप्ति पाल, रामनिवास पाल, पुष्पांकर पाल सहित 13 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। गुरूवार को मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में हुई। कोर्ट में सिर्फ एक ही आरोपी रामनिवास पाल पेश हुए और विधायक मिथलेश पाल सहित अन्य आरोपियों की ओर से हाजिरी माफी दी गयी। इस मामले में कोर्ट में सुनवाई के लिए 26 मार्च की तिथि नियत की गयी है।